# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

वर्ष - 05 अंक - 54 बैकुंठपुर, शुक्रवार 22 नवम्बर 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

www.cgfrontline.com


## मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम पंचायत डुमरिया में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर

**■ बिजली आपूर्ति पुनः हुई बहाल, ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद**

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्राम पंचायत डुमरिया तहसील फरसाबहार में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिससे बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन देकर बताया कि ग्राम पंचायत डुमरिया के मुहल्ला पाले पखना गबिया टोला का ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित है। कैंप कार्यालय के निर्देश पर यहां तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। ग्रामीणों ने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बगिया में खोले गए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में लोगों की मांगों और समस्याओं के सामाधान का क्रम सतत रूप से जारी है। कैंप कार्यालय के निर्देश पर समस्या आने पर तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने, ग्रिप चेंज, लाईन सुधारने का कार्य किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। जशपुर हाथी विचरण क्षेत्र होने की वजह से मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## एस.ई.सी.एल. के इंजीनियरिंग असिस्टेंट एवं कार्यालय अधीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार





आरोपी – संजय कुमार सिंह



आरोपी – व्ही.श्रीनिवास

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)।** एसईसीएल चिरमिरी के इंजीनियरिंग असिस्टेंट एवं कार्यालय अधीक्षक को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा है।अंकित मिश्रा निवासी आमाखेरवा रोड, मनेन्द्रगढ़ द्वारा एन्टी करप्शन ब्यूरो, अंबिकापुर में शिकायत की गई थी कि वह एस.ई.सी.एल. में ठेकेदारी का कार्य करता है। उसे जी.एम. कार्यालय (एस.ई.सी.एल.) चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. द्वारा जारी निर्माण कार्य का टेण्डर प्राप्त हुआ था। लगभग दो माह बीत जाने के बाद भी वर्कआर्डर जारी नहीं होने पर संजय कुमार सिंह, इंजीनियरिंग असिस्टेंट (ओवर-सीयर) जी.एम. कार्यालय (एस.ई.सी.एल.) चिरमिरी से मुलाकात करने पर उसके द्वारा 11,000 रूपये की रिश्वत की मांग की गई। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन दौरान आरोपी संजय कुमार सिंह द्वारा 7,000 रूपये स्वयं को देने तथा 4,000 रूपये व्ही. श्रीनिवास, कार्यालय अधीक्षक को देने की बात कही गई। सत्यापन पश्चात् गुरुवार 21.11. 2024 को ट्रेप आयोजित कर आरोपी संजय कुमार सिंह को प्रार्थी से 7,000 रूपये एवं उसके सहयोगी व्ही. श्रीनिवास को 4,000 रु0 रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर उनके निवास स्थानों की तलाशी भी ली जा रही है। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 एवं 12 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत् अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## खदान की ब्लॉस्टिंग से स्कूली बच्चों का जीवन खतरे में दहशत में जी रहे हैं स्कूली बच्चे और शिक्षक





छ.ग.फ्रंलाइन

**प्रतापपुर।** महान-3 ओपन खदान की ब्लास्टिंग से जगन्नाथपुर 4 स्कूल के लगभग 100 150 बच्चों की जिंदगी खतरे में है। खदान की अंधाधुंध ब्लास्टिंग से स्कूल के कई जगहों से क्षतिग्रस्त होने के साथ इसी गांव के कई घरों में मोटी दरारे आ गई हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने इसके लिए कई मर्तबा एसईसीएल अधिकारियों के समक्ष अपनी व्यथा सुनाई, परंतु प्रबंधन ने अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं की है। महान-3 खुली कोयला परियोजना में आए दिन ब्लास्टिंग से आसपास गांव के लोग दहशत में जीवन यापन कर रहे हैं। खदान में होने वाली ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी ज्यादा होती है कि खदान के समीप के गांव के साथ-साथ इससे कुछ दूरी पर स्थित दूसरे गांव पर भी इसका व्यापक असर पड़ रहा है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार महान-3 ओपन खदान से लगभग एक किमी दूरी ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला पारसपारा माध्यमिक शाला पारसपारा प्राथमिक शाला प्राथमिक शाला घोडाबडा स्कूल स्थित है। इसमें लगभग 100 150 बच्चे अध्ययनरत हैं। खदान में ब्लास्टिंग से इस स्कूल के छज्जा का प्लास्टर कई जगहों से उखड़ गया है। इतना ही नहीं ब्लास्टिंग का असर स्कूल के बीच पर भी पड़ा है। स्कूल के शिक्षकों ने दहशत में संचालित स्कूल की व्यथा एसईसीएल के अधिकारियों के साथ अपने विभाग के खंडशिक्षा अधिकारी प्रतापपुर को भी दी है। इस बारे मे एसईसीएल प्रबंधन ने कोई पहल नही की। आज हालात यह है कि इस भवन में शिक्षक सहित बच्चे भय के साए में शिक्षण कार्य कर रहे हैं। यह हालात स्कूल भवन तक ही सीमित नही है। इस ब्लास्टिंग का असर इस क्षेत्र में निवास करने वाले अन्य लोगों के घरो पर भी पड़ा है। ग्रामीण कई बार एसईसीएल के अधिकारियों के पास गया परंतु किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

इस संबंध में चार स्कूल के प्राचार्य ने जन शिक्षक के माध्यम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया है पर सवाल यह है कि इन विद्यालय में अध्यनरत बच्चे ब्लास्टिंग के डर से कब तक दशक में रहेंगे इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नू धुर्वे ने बताया कि जन शिक्षक के माध्यम से आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसे जिला शिक्षा अधिकारी के यहां भेज दिया गया है ताकि कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके समस्याएं तो हैं।

## विधायक ने पीएम स्वनिधि योजना का किया शुभारंभ, हितग्राही को दिया 50 हजार का चेक

**लखनपुर।** प्रधानमंत्री स्वनिधि पखवाड़ा 18 नवंबर से 2 दिसंबर तक चलाया जा रहा है, इसी क्रम में 21 नवंबर, गुरुवार को लखनपुर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा किया गया। विधायक ने इस मौके पर हितग्राही अनसार हुसैन को 50 हजार रुपये का चेक दिया। बता दें कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत शहर के फुटपाथी व्यवसायियों को बिना ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वनिधि योजना अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय परिसर में ऐसे जरूरतमंदों को स्व निधि योजना का लाभ लेने के लिए फॉर्म भराया गया था। इस दौरान नगर अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, ओबीसी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल व अन्य थे।

## वंचित समुदायों के बीच विद्युत उपभोक्ता फोरम की बैठक संपन्न

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** विद्युत बचत व सौर्य ऊर्जा के उपयोग के संबंध में वंचित व आदिवासी समुदाय के लोगों को जागरूक करने तथा उनके विद्युत संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए उचित सुझाव देने तथा सहयोग करने के उद्देश्य से अंबिकापुर विकासखंड के संकुल केंद्र नावानगर भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सिटीजन कंज्यूमर एंड सिविक एक्शन ग्रुप चेन्नई व अनमोल फाउंडेशन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। स्वस्थ ऊर्जा व विद्युत बचत को लेकर सीएजी चेन्नई द्वारा देश के 6 राज्यों में कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, इसी परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में विद्युत उपभोक्ता फोरम की बैठक विशेषकर वंचित समुदायों के बीच किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के निदेशक संजय शर्मा ने सीएजी के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि सीएजी उपभोक्ताओं के हितार्थ वर्षों से काम कर रही है। तमिलनाडु में सेल बनाकर विद्युत उपभोक्ताओं के समस्याओं का निरंतर समाधान करने का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है, जिसमें उन्हें काफी सफलता प्राप्त हो रही है। विद्युत संबंधित उपभोक्ताओं के अधिकार के बारे में स्थानीय भाषा में संवाद कर लोगों को जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्युत कनेक्शन, टैरिफ प्लान, स्मार्ट मीटर, किसानों के लिए योजनाएं व पीएम एम सूर्यघर योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। राजमेरु राजस्थान के प्रतिनिधि व अक्षय ऊर्जा विशेषज्ञ राकेश राय ने पीएम सूर्यघर योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और अपने घरों में सौर्य ऊर्जा के उपयोग पर बल दिया। लघु कृषकों के लिए पोर्टेबल सोलर पंप के बारे में जानकारी दी और क्रेडा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया। सोलर ऊर्जा के उपयोग व देखरेख के तकनीकी पक्षों को भी बताया गया। ग्राम अधिकार मंच के अध्यक्ष सुरित साय ने ग्राम में बढ़ी हुई बिजली बिल का मुद्दा उठाया व उसके समाधान के लिए सुझाव मांगा। मंच के तरफ से विद्युत बचत को एक अभियान के रूप में आगे बढ़ाने और हरसंभव सहयोग का वादा किया गया।

## खाद्य विभाग व कृषि उपज मण्डी की टीम ने 23.64 लाख का 1020 क्विंटल धान जप्त किया

### कलेक्टर के निर्देशन में की गई छापमार कार्रवाई में प्रशासन की टीम को मिली बड़ी सफलता

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद दूसरे प्रदेशों से धान लाकर सरगुजा जिले में खपाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे ही एक सूचना पर खाद्य व कृषि उपज मंडी की संयुक्त टीम ने कलेक्टर सरगुजा विलास भोस्कर के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन स्थानों पर छापा मार कार्रवाई की और 1028 क्विंटल धान जप्त किया है। इसकी कीमत 23 लाख 64 हजार 480 रुपये है। मामले में कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति मेण्ड्राकला अंबिकापुर ने छह प्रकरण बनाया है।

बता दें कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है। आसपास के प्रांतों के मुकाबले में छत्तीसगढ़ में धान का समर्थन मूल्य अधिक होने के कारण बिचौलिए व व्यापारियों द्वारा कम मूल्य पर दूसरे प्रांतों से धान लाकर यहां खपाने का काम किया जाता है। धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व से ही धान को संग्रहित करने में बिचौलिए सक्रिय हो जाते हैं। इसके बाद वे ऐसे किसान जिनके पास खुद की उपज से अधिक का रकबा पंजीकृत है, उनसे संपर्क करके इस धान को खपाते हैं। शासन-प्रशासन द्वारा दीगर प्रांतों से धान लाकर खपाने के मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, इसके बाद भी बाहर से धान की आवक और इसके संग्रहण का सिलसिला नहीं थम रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर बुधवार को खाद्य विभाग की टीम के द्वारा मंडी के अधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से शहर में 6 स्थानों पर दबिश दी और 1020 क्विंटल धान जप्त किया है। जिला खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव ने बताया कि धान के अवैध संग्रहण की जानकारी मिलने पर खाद्य विभाग व मंडी द्वारा यह कार्रवाई संयुक्त रूप से की गई है। इस दौरान 2613 बोरी में रखे गए थे। धान बिना किसी स्टॉक रजिस्टर, पंजीयन के जमा करके रखे गए थे। धान को मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई करते हुए जप्त किया गया है। कार्रवाई के बाद विभाग द्वारा जप्त धान को संग्राहकों के सुपुर्दगी में दिया है। उक्त धान को संग्राहक, व्यापारी धान खरीदी केन्द्रों में नहीं बेच पाएंगे। 20 नवम्बर को की गई छापामार कार्रवाई व गोदाम निरीक्षण के दौरान अंबिकापुर के खरसिया रोड में स्थित शशिकांत अग्रवाल के बंसल ट्रेडर्स से पतला धान की 795 बोरी, कीमत 6 लाख 82 हजार 80 रुपये, मोटा धान 240 बोरी, कीमत 2 लाख 20 हजार 800 रुपये, दीपक अग्रवाल के कृष्णा ट्रेडिंग से 246 बोरी पतला धान, कीमत 2 लाख 27 हजार 360 रुपये, श्रीगढ़ अंबिकापुर में राजेश कुमार अग्रवाल के महामाया ट्रेडिंग से 455 बोरी पतला धान, कीमत 4 लाख 22 हजार 240 रुपये, जनक कुमार अग्रवाल के जेके ट्रेडिंग से 435 बोरी पतला धान, कीमत 4 लाख 3 हजार 680 रुपये, अजय अग्रवाल के आदर्श ट्रेडिंग से 422 बोरी पतला धान, कीमत 3 लाख 89 हजार 760 रुपये व बासेन, सेदम बतौली में मुकेश कुमार सदावर्ती पिता निराकार सदावर्ती के गोदाम से 20 बोरी पतला धान, कीमत 18 हजार 560 रुपये जप्त किया गया है।

## कलेक्टर ने कटगोड़ी के अशोक राम के घर पहुंचकर किया सम्मानित

### शौचालय निर्माण के लिए मिला अभिनन्दन पत्र



छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** सोनहत विकासखंड के ग्राम कटगोड़ी निवासी किसान अशोक राम के लिए गुरुवार का दिन खास बन गया, जब जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी उनके घर पहुंचीं और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बनाए गए शौचालय के लिए अभिनन्दन पत्र प्रदान किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, सोनहत एसडीएम राकेश साहू और जनपद पंचायत सीईओ मनोज जगत भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित मकान में रहने वाले अशोक राम ने अपने घर पर शौचालय बनाकर स्वच्छता की मिसाल पेश की है। कलेक्टर त्रिपाठी ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, स्वच्छता स्वस्थ जीवन की कुंजी है। घर और शौचालय को स्वच्छ रखना बीमारियों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है। अशोक राम ने इस सम्मान को अपने जीवन का गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है कि कलेक्टर स्वयं मेरे घर आईं और मुझे अभिनन्दन पत्र प्रदान किया। यह मेरे लिए एक प्रेरणा है कि स्वच्छता का महत्व न केवल मेरे परिवार बल्कि समाज के लिए भी अहम है। इस अवसर पर कलेक्टर ने अन्य ग्रामीणों को भी स्वच्छता अभियान से जुड़ने और अपने घरों में शौचालय निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेकर हर ग्रामीण अपने घर को स्वच्छ और बीमारियों से मुक्त बना सकता है। अशोक राम के प्रयास न केवल उनकी स्वयं की बल्कि अन्य ग्रामीणों की भी प्रेरणा बने हैं।

बता दें ''हमारा शौचालय-हमारा सम्मान'' अभियान 10 दिसंबर तक जिले में चलेगी और घर में व्यक्तिगत शौचालय व स्वच्छता के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जा रही है। जिला कलेक्टर का यह दौरा स्वच्छता और ग्रामीण विकास की दिशा में किए गए प्रयासों को बढ़ावा देने का हिस्सा था।

## एमआरआई मशीन के इंस्टालेशन में रोड़ा बने चोर, दो बार लाखों का केबल काटकर ले गए

### सीसीटीव्ही कैमरे की निगरानी में रखा गया कक्ष को, विघ्नसंतोषियों की भी कमी नहीं

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंह देव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन लगाने की कई वर्षों से चल रही प्रक्रिया आज पर्यन्त पूरी नहीं हो पाई है, जिससे मरीजों को निजी अस्पतालों और जांच सेंटरों की ओर रूख करना पड़ रहा है। अस्पताल भवन में एमआरआई मशीन लगाने के लिए स्थल का चयन करने के बाद विप्रो जी कम्पनी की 14 करोड़ रुपये की मशीन उक्त कक्ष में शिफ्ट कर दी गई है। मशीन आने के बाद अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि इसका सेटअप तैयार करने में 45 दिन का समय लगेगा। लगभग चार माह बीत गए, मशीन का इंस्टालेशन नहीं हो पाया है और करोड़ों की मशीन का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। खबर यह भी सामने आ रही है कि मशीन के कॉपर केबल वायर चोर काटकर ले जा रहे हैं। ऐसे में मशीन की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। चोर अभी तक लगभग 8 से 10 लाख रुपये का केबल काटकर ले गए हैं, जिससे कंपनी को भी आर्थिक क्षति पहुंच रही है। चर्चा इस बात की भी है कि एमआरआई जांच जिला अस्पताल में शुरू न होने पाए, इसमें कुछ षड्यंत्रकारी रोड़ा बन रहे हैं। ऐसे में अभी तक अस्पताल प्रबंधन को मशीन सुपुर्द नहीं हो पाया है।

बता दें कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर संबद्ध जिला अस्पताल में एमआरआई जांच नहीं होने से मरीजों को होने वाली असुविधा को देखते हुए लगभग 4-5 माह पहले मेडिकल कॉलेज व साउथ ईस्टर्न कोलफिल्ड लिमिटेड के सहयोग से 14 करोड़ रुपये से अधिक की एमआरआई मशीन खरीदी गई है। इसे अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग में सीटी स्कैन कक्ष के पास बने कक्ष में स्थापित किया जा रहा है। मशीन के आने के बाद अनुमान लगाया जा रहा था कि कम्पनी के द्वारा 45 दिनों में स्टालेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और इसका लाभ मरीजों को मिलने लगेगा। सीटी स्कैन के बाद एमआरआई मशीन लगने से विद्युत भार बढ़ने की स्थिति बनेगी, इसे देखते हुए अस्पताल परिसर में सीएसपीडीसीएल व सीजीएमएससी द्वारा ट्रांसफार्मर की स्थापना कर दी गई है, इसके बाद कंपनी के जिम्मेदार स्टालेशन की प्रक्रिया भी शुरू कर दिए हैं। एमआरआई मशीन की स्थापना का काम की गति में कमी का एक बड़ा कारण मशीन के कॉपर केबल का चोरी होना भी है। इसे मशीन के इंस्टालेशन की निगरानी में लगे कंपनी के कर्मचारी भी स्वीकार कर रहे हैं। इनके द्वारा एमआरआई मशीन का इंस्टॉलेशन पूरा करके अगले माह तक अस्पताल प्रबंधन को सुपुर्द करने की संभावना भी व्यक्त की जा रही है। इन हालातों के बीच सरगुजांचल के जरूरतमंद लोगों को जिला अस्पताल में एमआरआई जांच का लाभ नहीं मिल रहा है। मरीजों को जांच के लिए निजी अस्पतालों का रास्ता नापना पड़ रहा है। आरोप के स्वर इस बात को लेकर भी मुखर हो रहे हैं कि शहर में बड़े पैमाने पर पैर पसारे निजी स्वास्थ्य संस्थानों के कुछ कर्ताधर्ता शासकीय अस्पताल में एमआरआई मशीन की स्थापना को लेकर नाखुश हैं।

# केवरा में व्यवसायी के गोदाम से 5 सौ क्विंटल अवैध धान जप्त

**0 अब तक प्रशासन की 4 कार्रवाई में जप्त हुआ है 818 क्विंटल धान**
**0 राजस्व विभाग की सक्रिय टीम की कार्रवाई**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** धान खरीदी के साथ सक्रिय बिचौलियों पर जिला प्रशासन की सख्ती का असर दिखने लगा है।

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर जिले के सहकारी समितियों में अवैध धान की आवक, रिसाइक्लिंग, कोचियों-बिचौलियों द्वारा धान के अवैध विक्रय को रोकने के लिए राजस्व अमला सक्रिय रूप से कार्य करने में जुट गया है। प्रशासन की टीम ने अब तक हुई चार कार्रवाई में बिचौलियों के पास से जमाखोरी कर रखे गए 818 किविंटल धान जप्त किया है। अवैध धान जप्ती की दो बड़ी कार्रवाई जिले के प्रतापपुर क्षेत्र में हुई है। जहां गोविंदपुर से 2 दिन पूर्व एक व्यवसायी के यहां से 2 सौ किविंटल अवैध धान जप्त किया गया था। वहीं गुरुवार को प्रतापपुर एसडीएम श्रीमती ललिता भगत द्वारा केवरा से 5 सौ किविंटल धान जप्त किया गया है। दो बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के बिचौलिए सकते में है। इधर प्रशासन ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि अगर धान की अफरातफरी करते पाए गए तो कार्रवाई से नहीं बच पाओगे। बताया गया है कि ग्राम केवरा स्थित किराना दुकान के पीछे बने गोदाम से 1300 बोरियो में भरा 500 क्विंटल धान की जब्ती की गई है। जानकारी लेने पर दुकान संचालक राकेश गुप्ता के पास मंडी लाइसेंस था परंतु उसके द्वारा जारी लाइसेंस के विरूद्ध तय सीमा से अधिक धान का भण्डारण गोदाम में पाया गया। जिसे लेकर दुकान संचालक के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था। टीम के द्वारा प्रकरण बनाकर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया है जिसमें मंडी अधिनियम के तहत आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी ।इससे पूर्व कौशलपुर से 40 व भटगांव क्षेत्र से 64 किविंटल धान प्रशासन की टीम ने जप्त किया है।



# नगर पंचायत बिश्रामपुर में मतदाता सूची में गड़बड़ी, दिया ज्ञापन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर आज जिला निर्वाचन अधिकारी सूरजपुर को ज्ञापन सौंपा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी को दिए ज्ञापन में प्रेमजीत सिंह ने उल्लेख किया है कि नगरीय निकाय चुनाव 2024-25 में नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 14 के लगभग 36 से अधिक मतदाताओं के नाम वार्ड क्रमांक 12 में नगर पंचायत बिश्रामपुर के कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा संबंधित वार्ड पार्षद से मिली भगत कर सम्मिलित कर दिया गया है। संबंधित मतदाताओं द्वारा शिकायत करने के बावजूद भी नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रबंधन द्वारा यहां पर सत्ताधारी दल के एजेंट के रूप में काम करते हुए आमजन को बेवजह परेशान किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है। ऐसे कर्मचारियों के रहने से आगामी नगरीय निकाय चुनाव प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। मतदाता सूची में गड़बड़ी से लेकर अन्य अनुचित तरीके के कार्यों को पूर्ण कराकर शासन के मंशा को दर किनार किया जा रहा है। ज्ञापन में मामले की जांच कराकर संबंधित दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।



# व्याख्याता अमृता ने जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्योता भोज



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** पीएमश्री सेजेस जयनगर में आज विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती अमृता सिंह ने अपने जन्मदिन पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में साबूदाने का खीर सभी स्कूली बच्चों को वितरण किया गया। न्योता भोज कार्यक्रम में शासन के मंशानुरूप कोई भी व्यक्ति अपने विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए स्कूली बच्चों के साथ खुशियों को साझा कर सकता है।

# प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 25 को

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 25 नवम्बर 2024 को जिला स्तरीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन जनपद कार्यालय बलरामपुर में प्रातः 11 से 03 बजे तक किया जाएगा। आयोजित प्लेसमेंट कैंप में महामाया ट्रेक्टर शो रूम बलरामपुर, स्वतंत्र माइक्रोफिन, अग्रिम रक्षक सर्विस, एसआईएस, टैंगो सिक्योरिटी सर्विस एवं कैप्स्टोन सर्विस प्रा. लिमिटेड कंपनी उपस्थित होंगे। प्लेसमेंट कैंप में सेल्समैन के 04, फील्ड ऑफिसर के 50, रिलेशनशिप ऑफिसर के 10, सिक्योरिटी गार्ड के 770, सुपरवाइजर के 148, ड्राइवर के 55, गनमैन के 50, सुरक्षा जवान के 200, सुरक्षा अधिकारी के 10, कैश कस्टोरियम के 50, सीसीटीवी ऑपरेटर के 07 पद रिक्त हैं, जिसकी पूर्ति की जानी है।

# अंबिकापुर-दुर्ग व अंबिकापुर-शहडोल अप डाउन गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** रेलवे प्रबंधन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 2 जोड़ी गाड़ियों में एक-एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से इन गाड़ियों में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे। बताया जा रहा है कि गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 24 से 30 नवंबर तक तथा अम्बिकापुर से 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक उपलब्ध रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 18755/18756 अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अम्बिकापुर से 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक तथा शहडोल से 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक उपलब्ध रहेगी।

# बतरा समिति में धान खरीदी का किया गया शुभारंभ

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी सोसायटी मर्यादित बतरा में आज धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि मण्डल महामंत्री रमेश गुप्ता, भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य महेन्द्र सिंह मार्को, सरपंच आनंद सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष शिवनाथ पैकरा, प्रदीप पैकरा, सोसायटी बतरा अध्यक्ष धर्मपाल पैकरा, पूर्व उपसरपंच खुलेलाल राजवाड़े, समय लाल राजवाड़े, चेतन यादव, बालमुकुंद सिंह, ननकू राजवाड़े, महाजन राजवाड़े, शिवशंकर पैकरा, देवदार सिंह, जियाउल खान, खुलेलाल प्रजापति, सुखलाल राजवाड़े, राजकुमार देवांगन, धनेश्वर सिंह, हीरा सिंह, छक्के लाल पैकरा थे। यहां पर गुरुवार को किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य शुरू कर दिया गया है। इस दौरान नोडल अधिकारी महेन्द्र सोनवानी, खरीदी केंद्र प्रभारी प्रबंधक विश्वनाथ ठाकुर, कंप्यूटर ऑपरेटर पप्पू राजवाड़े, आरईओ अमित सिंह, जितेन्द्र झा, बतरा पंचायत सचिव हुकुम साय राजवाड़े एवं अन्य कृषक व ग्रामवासी उपस्थित थे।



# किसानों के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है साय सरकार : शकुंतला सिंह पोर्ते

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**प्रतापपुर।** किसानों के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध भाजपा की विष्णुदेव साय की सरकार है। उक्त बातें शकुंतला सिंह पोर्ते विधायक ने सेवा सरकारी समिति टुकुडांड में धान खरीदी का शुभारंभ करते कहा उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों को सही मूल्य दिलाने और उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है राज्य की अर्थ व्यवस्था का सबसे व्यापक साधन धान ही है । उन्होंने कहा कि धान की एक-एक दाना खरीदना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों के जीवन में समृद्धि आत्मानिर्भरता, विकास और खुशहाली के लिए योजनाएं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। केन्द्र में मोदी सरकार और प्रदेश की साय सरकार किसानों को धन धान्य संपदा से संपन्न रखने का संकल्प रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसान और महिलाओं को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए भरपूर कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि विष्णु देव की सरकार 3100 रुपए कुंटल मैं धान खरीदी के अपने वादे को पूरा कर रही है इस दौरान कार्यक्रम सैकड़ों के साथ भाजपा के पदाधिकारी हरिशंकर गुप्ता मुकेश तायल अरविंद जायसवाल गुलाब मोहन तिवारी रामरतन गुप्ता कृष्णा सोनी संतोषी सांडिल्य सरपंच संतोष सोनी मिलन प्रधान श्रवण सोनी निलेश जयसवाल विजय जायसवाल सुमेर सिंह सरपंच रामखेलावन (सरपेच चन्द्रेली मोहन पलहे समिति अध्यक्ष रतीराम समिति प्रबंधक विकासजायसवाल कम्प्यूटर आपरेटर दीपक कुजूर बारदाना प्रभारी नवन सिंह एवं समस्त कर्मचारी और किसान उपस्थित थे।



# नवीन शासकीय महाविद्यालय के अवनीश सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ने नगर के भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बिश्रामपुर अवनीश सिंह को शासकीय नवीन महाविद्यालय बिश्रामपुर में जनभागीदारी समिति में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

# पूर्व सरपंच ने महिला सरपंच का कथित रूप से फर्जी हस्ताक्षर कर जारी किया निवास प्रमाण पत्र

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** पूर्व सरपंच द्वारा दूसरे पंचायत के मतदाता सूची में अपना व पूरे परिवार का नाम जोड़ने हेतु कथित रूप से महिला सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर व सील का उपयोग कर निवास प्रमाण पत्र जारी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला सरपंच द्वारा आज जयनगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराकर जांच उपरांत दोषी के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। गौरतलब है कि सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर के पूर्व सरपंच योगेन्द्र नारायण सिंह द्वारा ग्राम पंचायत कैलाशपुर के मतदाता सूची में नाम शामिल कराए जाने हेतु कथित रूप से कैलाशपुर की महिला सरपंच चंद्रावती का फर्जी हस्ताक्षर कर व सील लगाकर गलत तरीके से निवास प्रमाण पत्र जारी कर लिया गया है। निवास प्रमाण पत्र को राजापुर पंचायत के पूर्व सरपंच योगेन्द्र नारायण सिंह पिता नंदकेश्वर द्वारा अपनी पत्नी कैलाशो, पुत्र बलिंदर व बहु कुंती सिंह के नाम पर जारी करके कैलाशपुर के बीएलओ रोजगार सहायक हेमंत कुमार राजवाड़े के पास 20 नवंबर को ही कथित रूप से फर्जी निवास प्रमाण पत्र को जमा कर कैलाशपुर पंचायत के मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की मांग की गई है। मामले की जानकारी मिलते ही कैलाशपुर की महिला सरपंच चंद्रावती ने गुरुवार को जयनगर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही जांच उपरांत उक्त फर्जीवाड़े में शामिल दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की मांग की गई है। इस संबंध में जयनगर थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कैलाशपुर पंचायत की महिला सरपंच चंद्रावती द्वारा फर्जी हस्ताक्षर व सील का उपयोग करके राजापुर के पूर्व सरपंच द्वारा पंचायत का निवास प्रमाण पत्र जारी किए जाने की शिकायत की गई है। शिकायत को उच्चाधिकारियों के पास मार्गदर्शन हेतु भेजा जा रहा है। इसके पश्चात उच्चाधिकारियों का जैसा निर्देश प्राप्त होगा उसी के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# फंड के अभाव में विदाई समारोह का आयोजन किया गया बंद

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों के सम्मान में प्रति माह आयोजित होने वाले विदाई समारोह का आयोजन बिश्रामपुर क्षेत्र में पिछले सात माह से बंद पड़ा है। इसके पीछे समय पर फंड की व्यवस्था नहीं होने को बड़ा कारण माना जा रहा है।

बताया जा रहा है कि पिछले विदाई समारोह में खर्च हुई राशि जो बाजार से उधार समान ली गई थी, उसका भी आज तक बिल भुगतान नहीं होने से दुकानदारों की देनदारी अटकी हुई है, जिसके बाद दुकानदारों द्वारा सामान देने से इंकार करने के बाद विदाई समारोह पिछले सात माह से बंद पड़ा है।

वर्ष के शुरुआत जनवरी माह के रिटायर कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह के आयोजन के बाद फरवरी 2024 से गत अक्टूबर माह तक के सैकड़ों कर्मियों को विदाई अब तक नहीं दी जा सकी है। विदाई समारोह में कंपनी के नियमानुसार कामगार को सपरिवार आमंत्रित कर उसे शाल, श्रीफल व बुके के साथ प्रतीक चिन्ह, मेडिकल कार्ड के साथ पीएफ पेंशन स्वीकृति आदेश की प्रति सौंपी जाती है। आज के समय में पीएफ पेंशन की प्रक्रिया ऑन लाइन होने से सम्मान समारोह में शाल श्रीफल के साथ कंपनी में दिए योगदान के लिए प्रतीक चिन्ह स्वरूप सेवानिवृत्त अधिकारी व कोलकर्मी को 100 ग्राम के चांदी का सिक्का प्रदान किया जाता है, जो फंड के अभाव में महीनों से बंद पड़ी है। इसके पीछे वित्त विभाग द्वारा फिजूलखर्ची रोकने कड़ाई बरतने को मुख्य कारण बताया जा रहा है।

# रोजगार के अवसर प्रदान करती राष्ट्रीय बागवानी मिशन

★ खीरा और टमाटर की खेती से आ रही खुशहाली
★ आय के स्त्रोत में बढ़ोतरी होने से आर्थिक स्थिति में हुआ सुधार
★ अच्छी पैदावार होने से सुखराम के चेहरे में आयी मुस्कान





**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने तथा आजीविका से जोड़ने के लिए बागबानी फसलों को वृहद रूप देने का सफल प्रयास जारी है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत ऐसा ही सफल प्रयास विकासखण्ड कुसमी के ग्राम इदरीकला में देखने को मिल रहा है। ग्राम इदरीकला के प्रयोगधर्मी एवं प्रगतिशील कृषक श्री सुखराम द्वारा बाड़ी में उन्नत कृषि पद्धतियों का प्रयोग कर टमाटर का बंफर उत्पादन किया जा रहा है। कृषक सुखराम अपनी टमाटर के खेती की सफलता का श्रेय अपनी कठिन परिश्रम के साथ राष्ट्रीय बागवानी मिशन तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों को देते हैं।

कृषक सुखराम बताते हैं कि उसके पास लगभग सवा 3 एकड़ जमीन है तथा वह पहले परम्परागत तरीके से खेती करता था तथा कृषि के उन्नत तकनिकी एवं जानकारी के अभाव में उत्पादन इतना कम होता था कि परिवार के खर्च को चलाना मुश्किल हो जाता था। जिससे परिवार के भविष्य की जिम्मेदारियां अंधेरे में दिखाई दे रही थी। ज्यादा पढ़ा-लिखा न होने के कारण कुछ काम भी नहीं मिल पा रहा था। अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने तथा परिवार के आय को बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग से सम्पर्क किया।

उद्यान विभाग के अधिकारियों ने उसे उन्नत खेती करने कि सलाह दी। उद्यान विभाग की सहायता से राष्ट्रीय बागवानी मिशन में भाग लेकर खीरा एवं टमाटर की फसल लेने का निर्णय लिया। सुखराम ने अपने बाड़ी में उद्यान विभाग की सहायता तथा मार्गदर्शन से 2 एकड़ में खीरा तथा 1 एकड़ में टमाटर की खेती किया। खेत तैयार करने के लिए उसने सबसे पहने विभाग की सहायता से मिट्टी पलटने वाला हल का उपयोग किया साथ ही मिट्टी तोड़ने के लिए रोटावेटर का उपयोग कर दोनों फसलों का बीज बोया, तत्पश्चात वह बताता है कि उसने पौधे में सिंचाई के लिए विभाग से प्राप्त अनुदान प्राप्त कर ड्रिप, स्प्रिंकलर का उपयोग किया जिससे उसे सिंचाई करने के लिए पानी का उपयोग ज्यादा नही करना पड़ा। साथ ही उसने मल्चिंग तकनीकी का उपयोग भी किया। जिससे उसे मजदूरी लागत भी कम लगा। वे बताते है कि दोनों फसलों की खेती करने में उसे लगभग 85 हजार का लागत राशि खर्च हुआ। उन्नत कृषि पद्धिति एवं अच्छी देख-रेख से खीरा एवं टमाटर के फसल का बंफर उत्पादन हुआ। उसे लगभग 180 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। 18 रुपये प्रति किलो के हिसाब से नजदीकी सब्जी मण्डी तथा अम्बिकापुर, डाल्टेनगंज, गढ़वा के व्यापारी भी बाड़ी से ही नगद देकर खीरा व टमाटर की खरीदी कर रहे हैं। इस प्रकार सुखराम को खर्चा काट कर 2 लाख 48 हजार रूपये का लाभ प्राप्त हुआ है। खीरा और टमाटर की अच्छी पैदावार होने से सुखराम के चेहरों में मुस्कान बिखेर दी है, तथा आय के श्रोत में बढ़ोतरी होने से आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। अब आर्थिक स्थिति में सुधार होने से वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रहा है। सुखराम के जुनून को देखते हुए वहां आसपास के गांव के कृषक उद्यानिकी फसलों को अपनाने हेतु प्रेरित हो रहे हैं। उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर कृषकों से तकनीकी एवं बाजार व्यवस्था की चर्चा तथा उन्हे उन्नत खेती करने की सलाह दी जाती है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका मकसद बागवानी क्षेत्र का विकास करना और उत्पादन को बढ़ाना है।

# सीईओ को पसंद नहीं पत्रकार..अध्यक्ष ने भी मिलाया सुर में सुर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बिलासपुर–जिला पंचायत का वर्तमान कार्यकाल खत्म होने में अब कुछ महीना ही रह गया है। अंतिम समान्य सभा की बैठक का आयोजन बुधवार 20 नवम्बर को बिना कोरम के शुरू हुआ। यद्यपि बाद में कोरम भी पुरा हो गया। लेकिन जीपीएम जिला के पांच प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। पांच प्रतिनिधियों का बैठक में शामिल नहीं होने की वजह जिला पंचायत अधिकारियों की बेरूखी को बताया जा रहा है। सबसे बड़ी बात इस बार बैठक में सीईओ ने बिना सोचे समझे पत्रकारों के प्रवेश पर रोक लगा दिया। मजेदार बात है कि जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी प्रतिकार नहीं करते हुए सुर में सुर मिलाया। बैठक में शामिल कुछ प्रतिनिधियों ने बताया कि भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए पत्रकारों को बैठक में प्रवेश नहीं दिया गया है। जबकि लोकसभा से विधानसभा तक पत्रकारों के प्रवेश पर प्रतिबन्ध नहीं है।




बिना कोरम पूरा हुए जिला पंचायत की बैठक शुरू हुई। लेकिन सभा के बीच में कोरम की खानापूर्ति पूरी हो गयी। ठीक चुनाव के पहले वर्तमान पंचवर्षीय जिला पंचायत की अंतिम बैठक नाम के अनुरूप सामान्य ही रही। बैठक में मीडिया को प्रवेश नहीं दिया गया। बताया जा रहा है कि सीईओ के फरमान में जिला पंचायत अध्यक्ष ने मीडिया को प्रवेश नहीं दिये जाने के सुर में सुर मिलाया है। बैठक में चर्चित प्रतिनिधियों ने पालन प्रतिवेदन पेश नहीं किये जाने पर अधिकारियों पर गुस्सा भी उतारा है।

मीडिया प्रवेश पर प्रतिबंध

जिला पंचायत सदस्यों ने बताया कि मीडिया वालों को जानबूझकर प्रवेश नहीं दिया गया। सीईओ संदीप अग्रवाल को मीडिया पसंद नहीं है। उन्होने दो टूक कहा कि बैठक से मीडिया को दूर रखा जाए। अन्दर की बात बाहर जाना ठीक नहीं है। इस बात को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी सीईओ के सुर में सुर मिलाया। लेकिन कुछ सदस्यों ने इसका विरोध किया। सदस्यों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पिछले पांच साल के कार्यकाल में मीडिया को प्रवेश दिया जाता रहा है। प्रवेश पर रोक लगाना ठीक नहीं है। लोकसभा विधानसभा में भी मीडिया को प्रवेश दिया जाता है। बहरहाल इस घटना से मीडिया ने भी जिला पंचायत का बहिष्कार करने का मन बना लिया है।

# दखलः सरकंडा से उठा बवाल साइलेंट मोड में तो है... लेकिन सवाल गूंज रहा है -क्या सिस्टम के एक हिस्से का दूसरे पर भरोसा नहीं...?

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

( गिरिजेय ) कोई पूछ सकता है कि बलौदा बाजार, कवर्धा, सूरजपुर, बलरामपुर जिलों में हुए बवाल की तरह बिलासपुर में भी बवाल कट रहा है क्या...? लेकिन असली सवाल तो यह है कि बिलासपुर में जो कुछ हुआ या हो रहा है, उसके भीतर कौन सा गंभीर सवाल छिपा हुआ है....? चूंकि बिलासपुर में जो कुछ हुआ है वह बाकी जिलों में हुए बवाल से काफी अलग है। बाकी जिलों में सिस्टम पर से आम लोगों का भरोसा टूटता हुआ दिखाई दिया था। जबकि बिलासपुर में सिस्टम के




दो हिस्से ही आमने-सामने है। जिसे देखकर कोई पूछ सकता है कि क्या सिस्टम के एक हिस्से को ही अब दूसरे हिस्से पर भरोसा नहीं है । जिन महकमों पर लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने का ज़िम्मा है, उन महकमों के ज़िम्मेदार लोगों के बीच संवाद में अगर यह बात निकलकर आती हो कि पुलिस किसी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को झूठे मामले में फंसाने की कोशिश कर रही हैङ्ख.. तो आम लोग शायद अपने आप से ही सवाल कर सकते हैं कि झ सिस्टम पर भरोसे की जिस डोर को हम पकड़े हैं, वह आखिर कितनी मजबूत है?

बात हो रही है हाल ही में सरकंडा इलाके में हुई उस घटना की. जो इन दिनों बिलासपुर मीडिया की सुर्खियों में है। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे ऑडियो झ वीडियो बता रहे हैं कि किसने : क्या कहा? यह खबर सभी जान चुके हैं कि बस्तर इलाके में तैनात नायब तहसीलदार ( एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ) पुष्पराज मिश्रा देर रात ट्रेन में रायपुर से आकर अपने पिता और भाई के साथ अपने घर अशोकनगर सरकंडा लौट रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने रोककर उनके साथ ऐसा सलूक किया, जिसकी उम्मीद उन्हें नहीं थी। इस मामले में आईजी ने सरकंडा के थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया है ।

# विकासखंड रामानुजनगर शिक्षा के क्षेत्र में कर रहा उत्तरोत्तर विकास

## स्कूलों की साफ सफाई और बागवानी पर भी हो रहा काम

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन के कुशल नेतृत्व तथा जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज के द्वारा विकास खंड रामानुजनगर में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकासात्मक कार्य आयोजित किया जा रहा है. विकास खंड रामानुजनगर में हमर विद्यालय_ सुघर विद्यालय कार्यक्रम गत वर्ष से आयोजित किया जा रहा है,जिसके अंतर्गत सभी स्कूल भवनों को एक ही प्रकार के रंग से रंगरोपन कर कार्य कराया जा रहा है, जिसमे कई संस्था प्रमुख द्वारा चढ़ बढ़कर अपने शाला को आकर्षक तरीके से पेंटिंग कराया गया। शाला परिसर में बागवानी,पोषण वाटिका, वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर स्वच्छ व सुंदर बनाने का प्रयास किया गया है। जिसके कारण विकास खंड रामानुजनगर के स्कूल भवन जिले में अलग पहचान बनाए हैं।प्रत्येक संकुल से एक_ एक प्राथमिक तथा मिडिल स्कूलों को अच्छे व आकर्षक बनाने पर कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### शाला भवन परिसर में लगातार स्वच्छता अभियान, श्रमदान कर हमारा विद्यायल स्वच्छ

विद्यालय कार्यक्रम चलाया जा रहा है।आत्म अनुशासनकार्यक्रम अंतर्गत विकास खंड शिक्षा अधिकारी, एबीईओ, बीआरसी विकास खंड अंतर्गत एवं संकुल प्राचार्य,समन्यवक संकुल अंतर्गत लगभग प्रत्येक दिवस प्रार्थना सभा में शामिल होते हैं,जिसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा।शालाओं



में शिक्षक नियमित व समय पर उपस्थित होकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थित के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं,ग्राम स्तर पर वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से लगातार अनुपस्थित विद्यार्थियों के अविभावक को सूचित किया जाता है।गत वर्ष विकास खंड रामानुजनगर से 15 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ था जो कि अब तक का सर्वाधिक है।इस वर्ष भी विकास खंड में पांच केंद्र में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की विशेष तैयारी कराया जा रहा है।मुख्यमंत्री शाला जतन योजना अंतर्गत स्वीकृत मरमत तथा निर्माण कार्य एजेंसी (पी डब्लू डी, आर ई एस, हाउसिंग बोर्ड तथा एस एम सी ) से सतत संपर्क तथा निरीक्षण कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराया गया है। निरीक्षण में कमी पाए जाने पर तत्काल सुधार कराया जा रहा है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए समर्थ सूरजपुर कार्यक्रम अंतर्गत नियमित रूप से मूल्यांकन तथा विद्यार्थियों को अभ्यास कराए जा रहे हैं।विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज ,विद्यालय के साथ साथ कार्यालयीन कार्य भी नियमित रूप से निपटारा कर रहे हैं,जिसके कारण शिक्षक निश्चित होकर शाला में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। बी ई ओ के द्वारा अभिनव पहल करते हुए एक वित्तीय वर्ष में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को एक साथ भव्य तरीके (शाल,श्रीफल, प्रमाण पत्र के साथ परिवार सहित सामूहिक भोज)से विदाई समारोह आयोजित किया जा रहा है।विकास खंड रामानुजनगर शिक्षा के क्षेत्र में जिला में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने के लिए अग्रसर है।

# खदान की ब्लॉस्टिंग से स्कूली बच्चों का जीवन खतरे में दहशत में जी रहे हैं स्कूली बच्चे और शिक्षक

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन / मो जिशान खान

प्रतापपुर/ महान-3 ओपन खदान की ब्लास्टिंग से जगन्नाथपुर 4 स्कूल के लगभग 100 150 बच्चों की जिंदगी खतरे में है। खदान की अंधाधुंध ब्लास्टिंग से स्कूल के कई जगहों से क्षतिग्रस्त होने के साथ इसी गांव के कई घरों में मोटी दरारे आ गई हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने इसके लिए कई मर्तबा एसईसीएल अधिकारियों के समक्ष अपनी व्यथा सुनाई, परंतु प्रबंधन ने अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं की है।

महान-3 खुली कोयला परियोजना में आए दिन ब्लास्टिंग से आसपास गांव के लोग दहशत में जीवन यापन कर रहे हैं। खदान में होने वाली ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी ज्यादा होती है कि खदान के समीप के गांव के साथ-साथ इससे कुछ दूरी पर स्थित दूसरे गांव पर भी इसका व्यापक असर पड़ रहा है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार महान-3 ओपन खदान से लगभग एक किमी दूरी ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला पारसपारा माध्यमिक शाला पारसपारा प्राथमिक शाला प्राथमिक शाला घोडाबडा स्कूल स्थित है। इसमें लगभग 100 150 बच्चे अध्ययनरत हैं। खदान में ब्लास्टिंग से इस स्कूल के छज्जा का प्लास्टर कई जगहों से उखड़ गया है। इतना ही नहीं ब्लास्टिंग का असर स्कूल के बीच पर भी पड़ा है। स्कूल के शिक्षकों ने दहशत में संचालित स्कूल की व्यथा एसईसीएल के अधिकारियों के साथ अपने विभाग के खंडशिक्षा अधिकारी प्रतापपुर को भी दी है। इस बारे मे एसईसीएल प्रबंधन ने कोई पहल नही की। आज हालात यह है कि इस भवन में शिक्षक सहित बच्चे भय के साए में शिक्षण कार्य कर रहे हैं। यह हालात स्कूल भवन तक ही सीमित नही है। इस ब्लास्टिंग का असर इस क्षेत्र में निवास करने वाले अन्य लोगों के घरो पर भी पड़ा है। ग्रामीण कई बार एसईसीएल के अधिकारियों के पास गया परंतु किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

### शिक्षकों ने लिखा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को पत्र

इस संबंध में चार स्कूल के प्राचार्य ने जन शिक्षक के माध्यम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया है पर सवाल यह है कि इन विद्यालय में अध्यनरत बच्चे ब्लास्टिंग के डर से कब तक दशक में रहेंगे इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नू धुर्वे ने बताया कि जन शिक्षक के माध्यम से आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसे जिला शिक्षा अधिकारी के यहां भेज दिया गया है ताकि कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके समस्याएं तो हैं

# रामानुजगंज नगर पंचायत का खैर खवाह कर्मचारी कर रहा था व्यापारी को परेशान

### पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष के पहल पर सीएमओ ने दिया अनापत्ति प्रमाण पत्र

प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रामानुजगंज। रामानुजगंज नगर पंचायत कार्यालय में वर्षो से जमे हुए अड़ियल कर्मचारियों के द्वारा नगर के संभ्रांत नागरिकों को किसी भी काम के लिए जबरन 1 से 2 महीने तक दौड़ाने के बाद भी उनका काम नहीं किया जा रहा है जो पूरे नगर में आए दिन चर्चा का विषय बना रहता है नगर के एक व्यापारी को अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए विगत कई महीनो से दौड़ाया जा रहा था इसकी खबर जब पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष कुमार गुप्ता को लगा तो उनके फटकार के बाद उनका काम हो पाया।

नगर के एक व्यापारी अपने नवीन भवन निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु नगर पंचायत रामानुजगंज कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था पहले तो नगर पंचायत के खैर खवाह कर्मचारी के द्वारा उनको कार्यालय का चक्कर लगवाए गया इसके बाद उनसे बकाया टैक्स जमा करने के बाद भी ऊलजुलूल बातें करते हुए उनको धमकाया गया कि 2025 का भी टैक्स जमा कीजिए इसके बाद ही अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाएगा। परेशान व्यापारी आप बीपी सबसे कहने लगा की नगर पंचायत के द्वारा हमारे साथ बहुत गलत व्यवहार किया जा रहा है जबकि हमारे द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए पूर्व के बकाया टैक्स को हमारे द्वारा पटा दिया गया है। जब इस बात की खबर पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष कुमार गुप्ता को लगी तो उन्होंने पीड़ित व्यापारी के लिए नगर पंचायत के प्रभारी सीएमओ सुधीर श्रीवाश को कड़ी फटकार लगाते हुए कहां की जब आपने पूर्व बकाया के



सारा टैक्स जमा करा लिया है तो व्यापारी को वर्ष 2025 का टैक्स पटाने हेतु क्यों मजबूर किया जा रहा है जब 2025 आएगा उस समय व्यापारी टैक्स जमा करेगा। तब जाकर प्रभारी सीएमओ सुधीर श्रीवाश के द्वारा व्यापारी को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। व्यापारी का कहना है कि यदि पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष कुमार गुप्ता ने पहल नहीं की होती तो शायद हमें न जाने कई महीनो तक परेशान किया जाता व्यापारी ने उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### वर्तमान परिषद के कार्य प्रणाली पर उठे सवाल

रामानुजगंज नगर पंचायत के वर्तमान परिषद के कार्य प्रणाली को लेकर हमेशा सवाल उठाते रहे हैं लेकिन शायद उनको आम नागरिकों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रहा है क्योंकि पीड़ित नागरिक जब भी संबंधित परिषद के अधिकारी एवं पदाधिकारी को फोन लगाकर अपनी पीड़ा बताने की चेष्टा की जाती है तो उनके द्वारा कभी फोन रिसीव नहीं किया जाता और वही कॉल बैक रात्रि 10:00 बजे की जाती है जब परेशान नागरिक हार थक कर सो जाता है फिर अपने काम की पूर्ति के लिए जब सुबह फोन करता है तो उनके द्वारा फिर फोन नहीं उठए जाते। आम जनता से बहुमत प्राप्त कर दौलत के दम पर पद हासिल करने वाले यह भूल जाते हैं कि 5 वर्षों के बाद उन्हीं के चौखटों पर नाक रगड़ना पड़ेगा फिर भी इस बात का उनको परवाह नहीं होता ?

### अपनी निजी लाभ के लिए चढ़ा रखा है कपार पर

रामानुजगंज नगर पंचायत के द्वितीय स्तर के पदाधिकारी अपने निजी लाभ के लिए कुछ कर्मचारियों को अपने कपार पर चढ़ा रखा है जिसका खामियां नगर की जनता को आए दिन भुगतना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि सारे कर्मचारी नगर की जनता को परेशान करते हैं लेकिन एक्का दुक्का कर्मचारी का व्यवहार नगर की जनता से ऐसा है कि उनसे लोग बात भी करना पसंद नहीं करते लेकिन मजबूरन काम के अभाव में उनसे मुलाकात कर चर्चा करना पड़ता है उनके बोली वचन भी कर्कशा जैसा है जो सुनने के बाद बहुत बड़ा आघात लगता है जनहित में लोक सेवकों का आम जनता के साथ ऐसा कुरूर व्यवहार इस क्षेत्र के विधायक एवं सांसद का दामन दाग दार करने के लिए काफी है? बेहतर तो यही होगा कि राज्य में सरकार बदल गई है और सुशासन की सरकार में आम जनता के साथ उनका व्यवहार शौमय होना चाहिए।

# नगरपालिका आम निर्वाचन 2024 हेतु रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन 2024 के लिए रिटर्निंग अधिकारी (नगर पालिका) और सहायक रिटर्निंग अधिकारी (नगर पालिका) नियुक्त किया गया है। जिसमें नगर पालिक निगम अम्बिकापुर हेतु अपर कलेक्टर सरगुजा रिटर्निंग अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर अम्बिकापुर श्री राम सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अम्बिकापुर श्री फागेश सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर अम्बिकापुर श्री देव सिंह उइके एवं आयुक्त नगर पालिक निगम अम्बिकापुर श्री डी.एन. कश्यप को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# कलेक्ट्रेट स्थित नवीन कंपोजिट बिल्डिंग में आयोजित रक्तदान शिविर में कलेक्टर श्री विलास भोसकर सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर किया रक्तदान

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / जिला कलेक्टरेट के नवीन कम्पोजिट भवन में गुरुवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने प्रातः 10 बजे शिविर स्थल पहुंचकर सर्वप्रथम रक्तदान कर शिविर की शुरूआत की। इसके पश्चात अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, एसडीएम अंबिकापुर श्री फागेश सिन्हा, एसडीएम लुण्ड्रा श्री नीरज कौशिक, जिला परिवहन अधिकारी श्री विकास सोनी, एपीओ श्रीमती स्वेच्छा सिंह, सहायक संचालक जनसंपर्क सुश्री संगीता लकड़ा, श्रम पदाधिकारी



श्री नितेश विश्वकर्मा, ईडीएम श्री वैभव सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने रक्तदान किया। बता दें कि इस रक्तदान शिविर के पीछे कलेक्टर श्री भोसकर की संवेदनशील पहल है। राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय, अम्बिकापुर में सम्पूर्ण सरगुजा संभाग के अन्तर्गत गंभीर स्थिति अथवा विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीज आते हैं जिन्हें जीवन रक्षक के रूप में ब्लड सेन्टर से ही निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। ब्लड सेन्टर में आवश्यक रक्त की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए जिले में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### आने वाले दिनों में यहां होंगें शिविर-

आगामी दिनों में रोस्टर के अनुसार 23 नवम्बर को नगर सेना अम्बिकापुर, 26 नवम्बर को विकासखण्ड बतौली, 27 नवम्बर को विकासखण्ड अम्बिकापुर, 28 नवम्बर को विकासखण्ड मैनपाट, 02 दिसम्बर को पी.जी. कॉलेज अम्बिकापुर, 04 दिसम्बर को कार्यालय नगर निगम अम्बिकापुर, 06 दिसम्बर को विकासखण्ड लुण्ड्रा, 07 दिसम्बर को श्री सांई बाबा आदर्श महाविद्यालय, 09 दिसम्बर को जनपद पंचायत उदयपुर, 12 दिसम्बर को हॉली क्रास महाविद्यालय, और मंजूषा एकेडमी अम्बिकापुर, 13 दिसम्बर को लाइवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर में शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी तरह 05 जनवरी 2025 को सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अम्बिकापुर एवं 12 जनवरी 2025 को पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर में शिविर आयोजित होंगें।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राही उत्कर्ष ने साझा किया अपना अनुभव, बिजली बिल हुआ कम, सब्सिडी भी मिली

### योजना से हितग्राही को मिलेगी 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त, आय का भी मिलेगा जरिया

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत के प्रति जागरूकता बढ़ाने और क्लीन एनर्जी के प्रति आमजन को प्रोत्साहित करने भारत सरकार द्वारा ह्लप्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाह्व की शुरूआत की गई है। योजना के तहत सरकार हर-घर को सूर्य घर बनाना एवं सरकार उपभोक्ताओं के बिजली बिल को शून्य करने का प्रयास कर रही है। इस योजना के तहत प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने का लक्ष्य है। इसके तहत घरों की छत पर ऑनग्रिड सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना की



जाती है। इस योजना के हितग्राही अंबिकापुर निवासी उत्कर्ष सिंह विस्तार से बताते हैं कि है ह्लमैंने जून 2024 में सूर्यघर योजना के तहत घर में सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाया है। यह संयंत्र तीन किलोवाट का है जिसकी लागत एक लाख नब्बे हजार के करीब रही। सबसे अच्छी बात ये है कि इस योजना के तहत हितग्राही को सब्सिडी का भी प्रावधान है और मुझे 78000 रुपए की सब्सिडी भी मिली है। अभी पिछले चार महीने से जबसे नेट मीटर लगा है, ऐवरेज बिल भी लगभग कम आ रहा है। पिछले महीने तो बिजली बिल माइनस 384 आया। मैं तो शासन की इस योजना से बहुत ज्यादा खुश हूं और सरकार की इस योजना का लाभ लेने के लिए और लोगों को भी प्रेरित भी कर रहा हूं। जो भी मेरे रिश्तेदार हैं, मेरे दोस्त हैं, मेरे पड़ोसी हैं, ताकि वो भी इस योजना से जुड़ें और ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकें। वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को इस योजना के लिए धन्यवाद देते हैं और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को राज्य में इस योजना के क्रियान्वयन हेतु आभार प्रकट करते हैं।

संपादकीय

# गरीबी और भुखमरी के खात्मे का सही समय

जिस रफ्तार से दुनिया ने आधुनिकता, तकनीक और चकाचौंध को अपनाया है अगर उसी गति से गरीबी और भुखमरी पर प्रहार किया जाता तो पूरी दुनिया की तस्वीर ही कुछ और होती। चलो देर आए दुरुस्त आए, ब्राजील में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया के 20 श्रेष्ठ देशों ने एकजुट होकर भुखमरी को खत्म करने का ऐलान कर दिया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला -दा-सिल्वा ने जी-20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के शिखर सम्मेलन की शुरुआत करते हुए भूख और गरीबी से लड़ने के लिए एक वैश्विक गठबंधन का ऐलान किया। इस पहल का समर्थन 80 से अधिक देशों ने किया है। यह ऐलान ऐसे समय में हो हुआ है जब अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जनवरी में पद संभालने के बाद कई बड़ी नीतिगत बदलाव लाने की बात कर रहे हैं। असल में भूख और गरीबी किसी प्राकृतिक घटना का परिणाम नहीं हैं, बल्कि ये राजनीतिक निर्णयों का नतीजा हैं। एक ऐसी दुनिया में जो हर साल लगभग 6 बिलियन टन भोजन का उत्पादन करती है, वहां भूख और गरीबी हैरान करने वाली है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भूख को व्यापक रूप से मापने और उन पर नज़र रखने का एक ज़रिया है। जीएचआई का स्कोर ख़ासकर के चार संकेतकों के मूल्यों पर मापा जाता है जिनमें कुपोषण, शिशुओं में भयंकर कुपोषण, बच्चों के विकास में रुकावट और बाल मृत्यु दर है। जीएचआई का कुल स्कोर 100 पॉइंट होता है, जिसके आधार पर किसी देश की भूख की गंभीरता की स्थिति दिखती है। यानी के अगर किसी देश का स्कोर ज़ीरो है तो उसकी अच्छी स्थिति है और अगर किसी का स्कोर 100 है तो उसकी बेहद ख़राब स्थिति है। भारत का स्कोर 29.1 है जो कि बेहद गंभीर श्रेणी में आता है। इसके अलावा कुल ऐसे 17 शीर्ष देश हैं, जिनका स्कोर 5 से भी कम है। इन देशों में चीन, तुर्की, कुवैत, बेलारूस, उरुग्वे और चिली जैसे देश शामिल हैं। वहीं मुस्लिम बहुल देशों की स्थिति की बात करें तो यूएई 18वें, उज़्बेकिस्तान 21वें, कज़ाख़स्तान 24वें, ट्यूनीशिया 26वें, ईरान 29वें, सऊदी अरब 30वें स्थान पर है। दुनिया की कुल भूख की स्थिति की बात की जाए तो हालिया सालों में यह स्थिर रही है, लेकिन हालात आज भी अच्छे नहीं हैं। साल 2022 की रिपोर्ट में पूरी दुनिया के मामले में भूख की स्थिति को मध्य श्रेणी में रखा गया है। 2014 में जहां दुनिया का कुल स्कोर 19.1 था वो 2022 में घटकर 18.2 हुआ है। इस रिपोर्ट में कुल 44 देश ऐसे हैं जिनकी स्थिति बेहद ख़तरनाक स्तर पर है। लोगों के पास दो जून की रोटी तक की व्यवस्था नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भुखमरी का सामना किया। इनमें सबसे बुरी स्थिति गाजा के लोगों की है, जिनके सामने अकाल जैसी स्थिति है। संयुक्त राष्ट्र की पांच विशेष एजेंसियों द्वारा प्रकाशित विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (एसओएफआई) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में लगभग 733 मिलियन लोगों ने भूख का सामना किया। जो विश्व स्तर पर ग्यारह में से एक व्यक्ति और अफ्रीका में पांच में से एक व्यक्ति के बराबर है। इसी से हालात का अंदाजा सहज ही हो जाता है। अब जी-20 देशों ने गरीबी और भुखमरी को खत्म करने के लिए एकजुट होकर ऐलान किया है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि हालात में जल्द बदलाव होगा। इस वैश्विक गठबंधन से न केवल गरीब देशों में आम जनजीवन सुधरेगा बल्कि पूरी दुनिया की तस्वीर भी अलग होगी।

# जहरीली हवा और खत्म होती जिंदगी



प्रदूषण
रविशंकर

सुप्रीम कोर्ट भी दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की समस्या को लेकर गंभीर है। केंद्र सरकार से लेकर दिल्ली और आसपास की राज्य सरकारें अलग-अलग दावे करती रही हैं, लेकिन इससे प्रदूषण के स्तर में कोई बड़ी राहत नजर नहीं आती है। भले इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किए गए, मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ताजा रिपोर्ट बताती है कि विश्व स्तर पर हवा इस हद तक जहरीली हो चुकी है कि हमारी सांसों में धीमा जहर फैल रहा है। फेफड़ों में प्रदूषणकारी तत्वों की तह लग रही है, जो 'स्लोडेथ' यानी मौत का फरमान है।

दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी बेहद खराब यानी जानलेवा बनती जा रही है, जबकि अभी सर्दी ठीक तरह से शुरू भी नहीं हुई है। राजधानी के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट भी दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की समस्या को लेकर गंभीर है। केंद्र सरकार से लेकर दिल्ली और आसपास की राज्य सरकारें अलग-अलग दावे करती रही हैं, लेकिन इससे प्रदूषण के स्तर में कोई बड़ी राहत नज़र नहीं आती है। भले इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किए गए, मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ताजा रिपोर्ट बताती है कि विश्व स्तर पर हवा इस हद तक जहरीली हो चुकी है कि हमारी सांसों में धीमा जहर फैल रहा है।

फेफड़ों में प्रदूषणकारी तत्वों की तह लग रही है, जो 'स्लोडेथ' यानी मौत का फरमान है। रिपोर्ट बताती है कि प्रतिवर्ष 50 लाख के लगभग लोग जहरीली हवा के चंगुल में आकर समय से पहले जिंदगी को अलविदा कह जाते हैं। पर्यावरण के लिए काम करने वाली संस्था ग्रीनपीस की एक रिपोर्ट के मुताबिक़ भारत की राजधानी दिल्ली दुनियाभर में सभी देशों की राजधानी में सबसे ज़्यादा प्रदूषित शहर है। सवाल है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली-एनसीआर को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक-दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिए तत्पर क्यों नहीं होते?

इस रिपोर्ट में पीएम 2.5 के आधार पर बताया गया है कि दुनिया के सबसे ज़्यादा प्रदूषित 15 शहरों में 12 शहर भारत के हैं। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के मुताबिक़ दुनिया के 30 सबसे ज़्यादा प्रदूषित शहर भारत में हैं जहां पीएम 2.5 की सालाना सघनता सबसे ज़्यादा है। मेडिकल जर्नल बीएमजे की स्टडी में पाया गया है कि प्रदूषण की वजह से भारत में हर साल 20 लाख से ज़्यादा लोगों की मौत होती है। पीएम यानी पार्टिकुलेट मैटर प्रदूषण की एक किस्म है। इसके कण बेहद सूक्ष्म होते हैं जो हवा में बहते हैं। पीएम 2.5 या पीएम 10 हवा में कण के साइज़ को बताता है। हवा में मौजूद यही कण हवा के साथ हमारे शरीर में प्रवेश कर ख़ून में घुल जाते हैं। इससे शरीर में कई तरह की बीमारी जैसे अस्थमा और सांसों की दिक्कत हो सकती है। गौर करने वाली बात ये है कि आबादी के लिहाज से सबसे ज्यादा नुकसान भारत को ही होता है, लिहाजा भारत को अपनी जिम्मेदारी बखूबी समझते हुए तत्काल ही कुछ सार्थक और ठोस उपाय करना होंगे। साफ है, आज के समय दुनिया में सबसे ज्यादा बीमारियां पर्यावरण प्रदूषण की वजह से हो रही हैं। मलेरिया, एड्स और तपेदिक से हर साल जितने लोग मरते हैं उससे ज्यादा लोग प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से मर जाते हैं। बहरहाल, हर साल सवाल यही उठता है कि वायु प्रदूषण से हर साल होने वाले मौत को रोकने के लिए सरकार की तरफ से क्या कदम उठाए जा रहे हैं? दशकों से ये बात सरकार और समाज सबको मालूम है लेकिन इसको लेकर दोनों उदासीन बने हुए हैं। ऐसा लगता है कि इसके बावजूद लोग अपने त्रासदीपूर्ण भविष्य को लेकर पूरी से तरह से बेखबर हैं।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर हमारी सरकार



और समाज कर क्या रही है? वास्तव में वायु प्रदूषण की समस्या इतनी जटिल होती जा रही है कि भविष्य अंधकारमय होता प्रतीत हो रहा है।

वस्तुतः आज मनुष्य भोगवादी जीवन शैली का इतना आदि और स्वार्थी हो गया है कि अपने जीवन के मूल आधार समस्त वायु को दूषित कर रहा है, नैतिकता, धर्म, कर्तव्य सब भूल रहा है। भौतिकतावादी जीवन शैली और विकास की अंधी दौड़ में आज मनुष्य ये भी भूल गया है कि वायु प्रदूषण भी कुछ है। बढ़ते वाहनों और कारखानों से निकलते धुएं ने वायु का, वृक्षों की कटाई से जीवनदायिनी गैसों को, मनुष्य द्वारा फैलाई जा रही गंदगी से जल को इस तेजी के साथ प्रदूषित कर रहा है कि दुगनी गति से बीमारियां भी फैल रही हैं। मानवीय सोच और विचारधारा में इतना ज्यादा बदलाव आ गया है कि भविष्य की जैसे मानव को कोई चिंता ही नहीं है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि अमानवीय कृत्यों के कारण आज मनुष्य प्रकृति को रिक्त करता चला जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण असंतुलन के चलते भूमंडलीय ताप, अम्लीय वर्षा, बर्फीली चोटियों का पिघलना, सागर के जल-स्तर का बढ़ना, मैदानी नदियों का सूखना, उपजाऊ भूमि का घटना और रेगिस्तानों का बढ़ना आदि विकट परिस्थितियां उत्पन्न होने लगी हैं। ये सारा किया कराया मनुष्य का है और आज विचलित, चिंतित भी स्वयं मनुष्य ही हो रहा है। लेकिन अफ़सोस की बात है कि हम चेत नहीं हो रहे हैं। साल दर साल बीत जाने के बाद भी भारत में वायु प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है। चाहे केंद्र सरकार हो या फिर राज्य सरकारें, कोई भी प्रदूषण से लड़ने के लिए गंभीर नहीं दिखता।

ऐसे में सरकारों के प्रदूषण से लड़ने के लिए दीर्घकालीन नीतियां बनाने की जरूरत है तो वहीं लोगों को अपने स्तर पर वे सभी जतन करने की जरूरत है जो हवा को जहरीली होने से रोकें। ये ठीक है कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकरों ने कई कदम उठाए थे। फिर भी वायु प्रदूषण से निपटने में हम फिसड्डी साबित हुए। ऐसे में भारत की जिम्मेदारी बड़ी और ज्यादा गंभीर चुनौतीपूर्ण हो जाती है क्योंकि हमें विकसित और विकासशील दोनों ही प्रकार के देशों में किए जा रहे उपायों को अपनाना पड़ेगा। बढ़ते प्रदूषण की वजह से 5-8 साल तक उम्र भी कम हो सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में बताया गया है कि भारत की हवा इतनी खराब हो गई है कि जिंदगी 5 साल तक कम हो सकती है। दिल्ली की बात करें तो वहां की हवा में रहने वालों की उम्र 8 साल तक घट रही है। दरअसल, वायु प्रदूषण एक ऐसा मुद्दा है जो पूरी दुनिया के लिए चिंता की बात है और इसे बिना आपसी सहमति और ईमानदार प्रयास के हल नहीं किया जा सकता है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तात्कालिक कार्रवाई के बजाय निरंतर प्रयासों की जरूरत है। स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाना, वाहनों की संख्या को नियंत्रित करना, और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना जैसे उपाय दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकते हैं। पराली जलाने की समस्या को हल करने के लिए किसानों को बेहतर तकनीक और सब्सिडी प्रदान करना आवश्यक है, ताकि वे अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाएं। इसके साथ ही निर्माण स्थलों पर प्रदूषण-नियंत्रण उपायों का सख्ती से पालन और औद्योगिक उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए कड़े कानूनों की आवश्यकता है। एक व्यवस्थित निगरानी तंत्र से पूरे वर्ष वायु गुणवत्ता का मूल्यांकन करना जरूरी है ताकि प्रदूषण के स्तर को समय रहते काबू में रखा जा सके। वायु प्रदूषण का मतलब केवल पेड़-पौधे लगाना ही नहीं है बल्कि, भूमि प्रदूषण, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण व ध्वनि प्रदूषण को भी रोकना है। तभी कुछ ठोस नजर आ सकेगा। वक्त कुछ करने का है न कि सोचने का।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस
श्वेता गोयल



# प्रत्येक बच्चे का अधिकार शिक्षा, सुरक्षा व सम्मान

पूरी दुनिया में बच्चों के प्रति जागरुकता बढ़ाने, उनके अधिकारों, उनकी सुरक्षा, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस मनाया जाता है, जो न केवल बच्चों के अधिकारों को संरक्षित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है बल्कि यह समाज में उनके महत्व को भी स्पष्ट रूप से उजागर करता है। इस दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी। 20 नवंबर 1959 को संयुक्त राष्ट्र ने 'बाल अधिकार घोषणापत्र' को अपनाया और 1989 में इसी दिन 'बाल अधिकार संधि' पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह संधि बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक कानूनी रूपरेखा प्रदान करती है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता जैसे मूलभूत अधिकार शामिल हैं। यह दिन दुनियाभर के बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित करने का संयुक्त राष्ट्र महासभा का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना ही था। इस वर्ष 'प्रत्येक बच्चे के लिए, प्रत्येक अधिकार' थीम के साथ मनाया जा रहा है। । यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से भी ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। वैसे तो बाल दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में इसे मान्यता मिली 1953 में। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्टूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य को समर्पित यह दिवस वास्तव में बच्चों के सपनों को पंख देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की पहचान और उनका संरक्षण है। बच्चों के कुछ प्रमुख अधिकारों में जीवन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, खेल और आराम का अधिकार, समानता का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार इत्यादि शामिल हैं। दुनिया के हर बच्चे को जीवित रहने और विकास का अधिकार है, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य भी है। इसी प्रकार शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है, जो उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने और गरीबी के चक्र को तोड़ने में मदद करता है। वैसे तो दुनियाभर में बच्चों के अधिकारों को बढ़ावा देने के प्रयास दशकों से किए जा रहे हैं लेकिन फिर भी करोड़ों बच्चे आज भी बाल श्रम, बाल शोषण, शिक्षा तक पहुंच का अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, युद्ध और संघर्ष जैसी कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। दुनियाभर में करोड़ों बच्चे बाल श्रम में फंसे हैं, जो शिक्षा और खेल-कूद से वंचित हैं और उनका बचपन कठिनाइयों से भरा होता है। तरराष्ट्रीय बाल दिवस न केवल बच्चों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने का अवसर प्रदान करता है बल्कि सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ-साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए भी एक संदेश देता है कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके विकास में योगदान देना हमारी अहम जिम्मेदारी है। यह दिवस बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम बच्चों के लिए समावेशी समाज का निर्माण करें, बच्चों के प्रति भेदभाव को समाप्त करें और उन्हें समान अवसर प्रदान करें। बच्चों की मुस्कान और उनका उज्ज्वल भविष्य ही किसी समाज की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं



संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### जी-20 से हमारी उम्मीदें

रियो डि जेनेरियो (ब्राजील) में जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू हो गया है। उम्मीद है कि इस सम्मेलन में विश्वव्यापी दो समस्याओं, गरीबी और भुखमरी के साथ-साथ विश्वव्यापी दूसरी समस्याओं पर भी इस सम्मेलन में शामिल देश प्रमुखता से बातचीत करेंगे और इनके लिए काम करने के लिए एक-दूसरे की मदद के लिए सहमति बनाएंगे। दुनिया में गरीबी और भुखमरी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या भी है, और जब तक दुनिया में बढ़ती जनसंख्या के लिए चिंता और चिंतन नहीं किया जाएगा, तब तक देश में गरीबी कभी भी खत्म नहीं होगी।विश्व की अनेक समस्याएं अंतरराष्ट्रीय स्वरूप की हैं, जिनका समाधान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही किया जा सकता है। इसलिए इस सम्मेलन से विश्व की उम्मीदें ज्यादा हैं।

*- संदीप शुक्ला, दुर्ग*

## ट्रेंड

### संसाधनों का उपयोग



भारत खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने और गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपनी सफलताओं को आगे बढ़ाएंगे और सभी के लिए उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अपनी सामूहिक शक्ति और संसाधनों का उपयोग करेंगे।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पीएम मोदी से मिलना सुखद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना सदैव सुखद होता है, क्योंकि भारत के साथ हमारी साझेदारी समृद्ध और बहुआयामी दोनों है। हमने पिछले जनवरी में शुरू की गई पहलों की प्रगति और साथ ही प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों की समीक्षा की।
-इमैनुएल मैक्रॉन, फ्रांस राष्ट्रपति

### गंगाजल दूषित



फाइलों में गंगा जी के स्वच्छ, अविरल, निर्मल होने के दावों का सच ये है कि वाराणसी में मां गंगा इतनी दूषित हो चुकी हैं कि पीने योग्य तो छोड़िए, ये जल स्नान के लायक भी नहीं है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### एयर इंडिया की यात्रा



मुझे नई एयर इंडिया में यात्रा करना पसंद है। मुझे मेरी जवानी की याद दिलाती है. पहले तो वे बार-बार फाइनल कॉल चिल्लाते हैं.. मुझे सब्जी वाले की याद दिलाते हैं.. फिर वे तुम्हें एक बस में बिठा देते हैं और हम एक घंटे के लिए गर्म बस में बैठे रहते हैं..।
-शेखर कपूर, फिल्मकार



## करंट अफेयर

# नेपाल और भारत सीमा पर आवाजाही बढ़ाने पर सहमत

नेपाल और भारत ने दोनों देशों की सीमाओं के आर-पार नागरिकों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए समन्वय बढ़ाने पर सोमवार को सहमति जताई। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद और नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के प्रमुख राजू आर्यल की अध्यक्षता में आयोजित नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा समन्वय की आठवीं बैठक में इस बात पर सहमति जताई गई। नेपाल स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'दोनों पक्षों के बीच सार्थक बैठक हुई और वे सीमाओं के आर-पार दोनों देशों के नागरिकों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए समन्वय बढ़ाने पर सहमत हुए।' नेपाल के अधिकारियों के अनुसार, तीन दिवसीय उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक सोमवार को समाप्त हुई जिसमें सीमा पार हो रहीं आपराधिक गतिविधियों को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने पर जोर दिया गया। आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठाने पर सहमत हुए। नेपाल, भारत के पांच राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा साझा करता है।



## ऑफ बीट

# रूक-रूक कर उपवास से बचा जा सकता है अल्जाइमर से

जैसे-जैसे दुनिया की आबादी बढ़ती जा रही है, अल्जाइमर रोग तेजी से आम होता जा रहा है। अल्जाइमर रोग मनोभ्रंश का सबसे प्रचलित रूप है।



डिमेंशिया एक बीमारी है जिसका उपयोग उम्र के साथ मस्तिष्क की कार्यक्षमता में गिरावट से जुड़े लक्षणों की एक श्रृंखला का वर्णन करने के लिए किया जाता है। लक्षणों में स्मृति हानि, संचार कठिनाइयाँ, समस्या-समाधान संघर्ष और व्यक्तित्व या व्यवहार परिवर्तन शामिल हैं। हाल के वर्षों में, अल्जाइमर रोग जैसी उम्र से संबंधित बीमारियों पर शोध के सबसे आशाजनक क्षेत्रों में से एक मस्तिष्क में हानिकारक प्रोटीन का संचय रहा है। विशेष रूप से अमाइलॉइड। अमाइलॉइड अल्जाइमर रोग में अनुसंधान का एक प्रमुख क्षेत्र बना हुआ है क्योंकि इसका बढ़ना इस स्थिति के विकास से जुड़ा है। रोग प्रक्रिया में इसकी भागीदारी को समझना हमारे ज्ञान को आगे बढ़ाने और रोग के निदान, रोकथाम और उपचार के लिए प्रभावी रणनीति विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। अमाइलॉइड के संचय से प्लाक का निर्माण हो सकता है। ये प्लाक मस्तिष्क कोशिकाओं के बीच संचार में बाधा डाल सकते हैं। यह अंततः संज्ञानात्मक गिरावट और अल्जाइमर रोग से जुड़े अन्य लक्षणों में योगदान देता है।



# अगले साल ईद पर रिलीज होगी 'सिकंदर'

**मुंबई।** 'सिकंदर' सलमान खान और निर्देशक एआर मुरुगादॉस की पहली फिल्म है। दोनों मिलकर एक एक्शन ड्रामा फिल्म बना रहे हैं, जिसमें रश्मिका मंदाना, सत्यराज और काजल अग्रवाल भी हैं। फिल्म की शूटिंग जून 2024 में मुंबई में शुरू हो चुकी है। फिल्म में अभिनेता शरमन जोशी भी हैं। यह एक्शन से भरपूर फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होने वाली है, जिसकी शूटिंग दिसंबर 2024 तक पूरी करने की योजना है। सिकंदर' को खत्म करने के बाद सलमान खान जनवरी या फरवरी 2025 के आसपास एटली के साथ अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए तैयार हैं।

लाइफ Style

# शोभिता

## शादी के जोड़े में दिखेगी परंपराओं की झलक

अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य जल्द शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। हाल ही में वायरल हुए उनके वेडिंग कार्ड के मुताबिक दोनों 4 दिसंबर को शादी करने वाले हैं। फिलहाल दोनों घरों में शादी की तैयारियां चल रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शोभिता धुलिपाला अपने खास दिन कैसी ड्रेस पहनने वाली हैं, इसे लेकर भी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री ने अपनी शादी की ड्रेस फाइनल कर ली है। करीब दो साल एक-दूसरे को डेट करने के बाद नागा चैतन्य और शोभिता ने इस साल अगस्त में सगाई की। अब अगले महीने इनके घर शहनाई बजने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शादी पर शोभिता जो ड्रेस पहनने वाली हैं, वह कोई डिजाइनर ड्रेस नहीं हैं। अभिनेत्री ने ऐसी ड्रेस का चुनाव किया है, जिसमें उनकी परंपराओं की झलक होगी। वे शादी के दिन कांजीवरम साड़ी पहनने वाली हैं। इस पर जरी का काम होगा और वह भी असली सोने से। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि शोभिता धुलिपाला ने अपनी शादी की ड्रेस का चुनाव खुद किया है। उन्होंने पूरी खरीदारी अपनी मां के साथ मिलकर की है। कहा जा रहा है कि शोभिता धुलिपाला शादी की तैयारियों के दौरान हर छोटी-बड़ी बात पर ध्यान दे रही हैं। वह हर चीज को एक पर्सनल टच देना चाह रही हैं, इसलिए हर काम को निजी स्तर पर कर रही हैं। नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की शादी का कार्ड अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें शादी की तारीख भी लिखी नजर आ रही है।



हॉलीवुड मसाला



# रोबोट के साथ खेलती दिखीं किम

**लॉस एंजिल्स।** किम कार्दशियन ने एक नया रोबोट दोस्त बनाया और एक मजेदार वीडियो के ज़रिए दुनिया को उसका परिचय कराया। रोबोट के साथ किम मजेदार खेल खेलती भी नजर आईं। किम कार्दशियन ने अपने फैंस को अपने नए सबसे अच्छे दोस्त से मिलवाया है और उनका नया दोस्त है- एलन मस्क की कंपनी टेस्ला का एक ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस। उन्होंने ने वीडियो की एक सीरीज शेयर की, जिसमें वह रोबोट के साथ बातचीत करती और रॉक-पेपर-सिजर्स खेलती नजर आईं।



# एंजेलिना बेच रहीं कार और गहने!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अदाकारा एंजेलिना जोली का अपने पूर्व पति ब्रैड पिट से कानूनी विवाद चल रहा है। इस बीच ऐसी खबर सामने आई है कि अभिनेत्री आर्थिक मुश्किलों का सामना कर रही हैं। कहा जा रहा है कि अपनी आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए जोली ने अपनी 1958 की फेरारी 250 जीटी को बिक्री के लिए रखा है, जिसकी कीमत 1.3 मिलियन डॉलर है। कार के अलावा एंजेलिना कथित तौर पर अपने डिजाइनर कपड़े, सामान और गहने बेच रही हैं। बता दें कि एंजेलिना जोली ने 19 सितंबर, 2016 को ब्रैड पिट से तलाक के लिए अर्जी दी थी। इसके बाद 2019 में दोनों अलग हो गए। अभिनेत्री के करीबी सूत्रों के मुताबिक, एंजेलिना की आर्थिक परेशानियां मुख्य रूप से ब्रैड पिट के साथ उनकी कानूनी लड़ाई के कारण हैं।



# लौटा दिया था मिस इंडिया का फॉर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक एक्ट्रेस बनने से पहले उन्होंने 1994 में फेमिना मिस इंडिया का टाइटल जीता था। इसके बाद वे मिस इंडिया कंपीटीशन में भी शामिल हुईं और मिस यूनिवर्स का ताज अपने सिर सजाने वाली पहली भारतीय का खिताब अपने नाम किया। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्होंने मिस इंडिया का फॉर्म भरने के बाद कंपीटीशन में हिस्सा ना लेने का फैसला कर लिया था? सुष्मिता एक बार खुद इस बात का खुलासा किया था कि उन्होंने ऐश्वर्या की वजह से अपना मिस इंडिया का फॉर्म वापस ले लिया था। टॉक शो जीना इसी का नाम है के एक एपिसोड में सुष्मिता ने अपने मिस इंडिया जर्नी को लेकर बात की थी। उन्होंने बताया था कि जब उन्हें ये मालूम हुआ कि ऐश्वर्या इस मिस इंडिया के कंपीटीशन में हिस्सा ले रही हैं।



# अभिनेता नहीं होते तो साइंटिस्ट होते...

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान अगर अभिनेता नहीं होते तो क्या होते? वैसे तो उनके अभिनय कौशल और प्रशंसकों के बीच उनकी दीवानगी को देख यह सवाल करना ही अपने आप में अटपटा लगता है। लेकिन, इसका उत्तर खुद किंग खान ने दे दिया है। एक्टिंग की दुनिया में एंट्री करने से पहले उनकी कुछ और ही प्लानिंग थी। असल में वे साइंटिस्ट बनने के लिए पढ़ाई कर रहे थे। हाल ही में दुबई में एक समिट में खुद शाहरुख खान ने यह खुलासा किया है। शाहरुख खान का कहना है कि इंडस्ट्री से दूर उनका करियर बिल्कुल हटकर होता। शाहरुख खान ने अपनी अभिनय यात्रा पर चर्चा करते हुए बताया कि किस तरह एकेडमिक दुनिया से सिल्वर स्क्रीन तक आए। शाहरुख खान ने कहा, 'मैंने साइंटिस्ट बनने के लिए पढ़ाई की। मैं अर्थशास्त्री बन गया और फिर मास कम्युनिकेशन सीखा।

टीवी मसाला



# 'हप्पू की उलटन पलटन' में हुई नई रज्जो की एंट्री!

**नई दिल्ली।** धारावाहिक 'हप्पू की उलटन पलटन' में फिर से कुछ फेर बदल देखने को मिल रहे हैं। राजेश का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री गीतांजलि मिश्रा के किरदार 'रज्जो' में कुछ बदलाव किए गए हैं। मेकर्स ने रज्जो को बदल दिया है। जी हां, रज्जो को बदल दिया है मतलब कि इस शो में गीतांजलि मिश्रा के दो किरदार दिखाई देने वाले हैं। अभिनेत्री गीतांजलि मिश्रा ने इस शो के प्रोमो वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। वीडियो में रज्जो भगवान से प्रार्थना करती नजर आ रही हैं, 'हे भगवान कुछ ऐसा कर दो कि घरवालों को मेरी अहमियत पता चल जाए'। इसके बाद वे किडनेप हो जाती हैं और घर में होती है नई रज्जो की एंट्री। गीतांजलि मिश्रा के किरदार और लुक में भी कुछ अंतर किए गए हैं। टीवी के साथ ही सोशल मीडिया पर भी प्रशंसक उन्हें बहुत पसंद करते हैं। शो के नए लुक को भी उन्होंने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट में गीतांजलि मिश्रा ने पोस्ट किया है। गीतांजलि मिश्रा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी अपने नए किरदार की तस्वीरें साझा की हैं। इसमें उन्होंने लिखा है, नकल करने को अक्ल चाहिए या नहीं ये तो नहीं पता लेकिन शक्ल जरूर मिलनी चाहिए।

## बख्तियार ने कॉमेडी करके खूब हंसाया

**नई दिल्ली।** टीवी के कुछ ऐसे कलाकार हैं, जो चुनिंदा सीरियल्स ही करते हैं, लेकिन दर्शकों को लंबे समय तक अपने किरदारों के कारण याद रह जाते हैं। इस तरह के कॉमिक एक्टर बख्तियार ईरानी भी हैं। इन दिनों तो अपने नए पॉडकास्ट शो को लेकर बख्तियार काफी खुश हैं। वह कॉमिक एक्टर अली असगर के साथ मिलकर एक पॉडकास्ट शो 'चडी बडी' होस्ट करते हैं। इन दिनों इसका दूसरा सीजन दर्शकों को देखने को मिल रहा है। इसमें टीवी के कई नामी कलाकार शामिल होते हैं। बख्तियार इस शो में कई फनी सवाल गेस्ट से पूछते हैं, जिससे शो काफी मजेदार हो जाता है। बख्तियार ईरानी दर्शकों के बीच अपने कॉमिक रोल की वजह से ज्यादा जाना जाता है। अब तक बख्तियार ईरानी ने जिन भी कॉमिक सीरियल में काम किया है, उन सभी में उनके किरदार काफी हटकर और खास रहे।



# कभी अकाउंट में बचे थे सिर्फ 556 रुपए...

## आज एक्टिंग के दम पर लाखों कमाता है ये एक्टर



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसे एक्टर्स हैं। जिन्होंने बाहर से आकर खुद को बेहतरीन एक्टिंग के जरिए इंडस्ट्री में स्थापित किया है। आज हम भी एक ऐसे ही सितारे की बात करने वाले हैं। जो बॉलीवुड का फेमस चेहरा है। लेकिन, एक दौर उनकी लाइफ में ऐसा था, जब उनके अकाउंट में सिर्फ 556 रुपए ही बचे थे। दरअसल हम बात कर रहे हैं एक्टर अपारशक्ति खुराना की। अपारशक्ति का जन्म चंडीगढ़ में हुआ था. वो बी-टाउन स्टार आयुष्मान खुराना के छोटे भाई हैं। अपारशक्ति खुराना ने अपने करियर बतौर रेडियो जॉकी शुरू किया था। इसके बाद वो वीजे बने। फिर साल 2016 में अपारशक्ति की किस्मत ने यूटर्न लिया और उन्हें आमिर खान के साथ फिल्म 'दंगल' में काम करने का मौका मिला। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया था कि एक वक्त में उनके अकाउंट में सिर्फ 556 रुपए बचे थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। वहीं 'दंगल' के बाद अपारशक्ति के करियर ने उड़ान भरी और इसके बाद वो 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'स्त्री', 'लुकाछिपी', 'पति-पत्नी और वो' और 'बाला' समेत कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आए। सभी में उनकी एक्टिंग फैंस ने काफी पसंद की। आखिरी बार एक्टर को राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर के साथ फिल्म 'स्त्री 2' में देखा गया था। ये फिल्म भी ब्लॉकबस्टर रही है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे है। खबरों की मानें तो इस फिल्म के लिए 70 लाख रुपए की फीस चार्ज की थी।

# फोटो में दिख रही इस लड़की ने दारा सिंह के साथ की थीं 16 फिल्में, 10 रही सुपरहिट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कुछ दशक पहले एक ऐसी एक्ट्रेस की एंट्री हुई थी जिसे मेकर्स सिर्फ इसलिए नकार देते थे कि उसकी नाक बहुत छोटी है। ये लड़की फिर भी हार नहीं मानती और अपना मुकाम बनाने की जद्दोजहद जारी रखती है। फिर एक दिन ऐसा आता है जब यही एक्ट्रेस बॉलीवुड के शिखर पर सवार हो जाती है। ये ऐसी एक्ट्रेस हैं जिनका नाम बॉलीवुड की तमाम बड़ी एक्ट्रेस में शामिल हैं। साठ से सत्तर के दशक में किसी भी फिल्म को हिट करने के लिए इस एक्ट्रेस का नाम ही काफी होता था। हालांकि, ये सफर उनके लिए बहुत आसान नहीं था। यहां तक पहुंचने के लिए एक्ट्रेस को साथ मिला दारा सिंह जैसे उस दौर के हिट हीरो का और फिर उनकी तकदीर बदलना शुरू हो गई।



### एक साथ कीं 16 फिल्में

दारा सिंह के साथ मुमताज ने सबसे पहले फौलाद नाम की फिल्म में काम किया। ये उनकी ऐसी पहली फिल्म थी, जिसमें उन्हें हीरोइन का रोल मिला था। इस फिल्म में दारा सिंह और मुमताज की जोड़ी दर्शकों को खासी पसंद आई। जिसके बाद दारा सिंह ने एक साथ 16 फिल्मों में काम किया। इन 16 मूवीज में दस मूवी ऐसी थीं जो जबरदस्त हिट भी रही थीं। इसके बाद मुमताज की एक्टिंग की तारीफ होने लगी और धीरे धीरे वो पहली पंक्ति की एक्ट्रेस में शामिल हो गईं।

### दारा सिंह संग किया काम

ये एक्ट्रेस हैं मुमताज जिन्होंने बतौर एक साइड और सपोर्टिंग एक्ट्रेस फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। उनके शुरुआती दौर में कोई हीरो उनके साथ काम करने के लिए तैयार नहीं था। यहां तक कि मेकर्स भी उनके लुक को फिल्मी दुनिया के अनुकूल नहीं मानते थे। ऐसे समय में दारा सिंह उनके साथ काम करने के लिए राजी हुए। एक इंटरव्यू में खुद मुमताज ने बताया था कि दारा सिंह ने उनकी फोटो देखकर उनके साथ काम करने के लिए हामी भर थी। वो इसलिए क्योंकि दारा सिंह खुद इतने बड़े स्टार थे कि उन्हें हीरोइन से कोई फर्क नहीं पड़ता था।

## न्यूयॉर्क में परफॉर्म कर रहे थे आयुष्मान, इस दौरान एक फैन ने उन पर उड़ा दिए डॉलर्स

# अस्थियों से लेकर पेशाब की बोतल तक, कॉन्सर्ट में सिंगर्स पर फेंकी जा चुकी हैं ऐसी चीजें


*नई दिल्ली। बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना एक हुनरमंद एक्टर होने के साथ-साथ कमाल के सिंगर भी हैं। आयुष्मान जब न्यूयॉर्क के एक कॉन्सर्ट में परफॉर्म कर रहे थे तो इस दौरान एक फैन ने उन पर डॉलर्स उड़ा दिए। आयुष्मान ने इस सिचुएशन को बहुत अच्छी तरह हैंडल किया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि विदेश में लाइव कॉन्सर्ट के दौरान इस तरह की घटनाएं बहुत आम हैं। ऑडियंस में बैठे लोग कई बार आर्टिस्ट के ऊपर चीजें फेंक देते हैं। चलिए जानते हैं ऐसी ही कुछ अजीब घटनाओं के बारे में।*

### सिंगर पर फेंकीं मां की अस्थियां

हॉलीवुड सिंगर पिंक लंदन में हो रहे एक कॉन्सर्ट के दौरान शॉक्ड थीं जब उन पर किसी ने राख से भरा प्लास्टिक बैग फेंका। सिंगर ने रिएक्ट करने की बजाय उस फैन से इस बारे में पूछा तो पता चला कि यह उसकी मां की अस्थियां थीं। इस पर पिंक ने कहा- पता नहीं इस बात के लिए मुझे कैसा महसूस करना चाहिए।

### परफॉर्मेंस के दौरान फेंकी डॉल

सुपरस्टार सिंगर लेडी गागा जब टोरंटो में परफॉर्म कर रही थीं तब उनके साथ एक डराने वाली घटना हुई। कॉन्सर्ट के दौरान किसी ने उन पर एक अजीब सी डॉल फेंकी जिसके बाद फैंस को तनाव में आ गए लेकिन सिंगर ने परफॉर्मेंस जारी रखी।



### परफॉर्मेंस के दौरान फेंकी चीज़

जब एक परफॉर्मेंस के दौरान पिंक इमोशनल होकर फैंस को वर्चुअल हग दे रही थीं तब किसी फैन ने उनकी तरफ 3 किलो का चीज का पैकेट फेंक दिया था। यह देखकर वह भी अपनी हंसी नहीं रोक पाईं।

### स्टेज पर फेंकी पेशाब की बोतल

साल 2012 में जब सिंगर शेर लॉयड परफॉर्म कर रही थीं तब किसी ने उनकी तरफ पेशाब से भरी बोतल फेंक दी। सिंगर ने फौरन ही परफॉर्म करना बंद किया और कहा- पेशाब की बोतल साथ कैरी करना और इससे मजाक करना अच्छी बात नहीं है।

### फैन ने सिंगर पर फेंकी पैंटीज

स्टार सिंगर टॉम जोनस अपना मशहूर गाना गाकर लोगों का मनोरंजन कर रहे थे जब किसी फीमेल फैन ने उन पर अपनी पैंटी फेंक दी। जॉन ने पैर से इसे साइड किया और फिर बिना ध्यान भटकाए एक कमाल की परफॉर्मेंस दी।

### फैन पकड़ लाया जिंदा चमगादड़

आप मानें या ना मानें लेकिन लाइव कॉन्सर्ट के दौरान ऐसा भी हो चुका है। साल 1982 में एक इवेंट के दौरान सिंगर ओजी ओजबर्न चकित रह गए जब एक शख्स ने उन पर जिंदा चमगादड़ फेंक दी। उन्हें लगा कि यह रबड़ का कोई खिलौना है और उन्होंने इसे मुंह से बाइट करके देखा। बाद में उन्हें रेबीज हो गया था जिसके लिए उनका लंबा इलाज चला।

# पांच सौ साल पहले एकजुट हुए होते, तो नहीं देखना पड़ता गुलामी का मुंह : सीएम योगी



संवाददाता

अयोध्या । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों से ज्यादा समय से रुका हुआ राम मंदिर निर्माण का काम सनातनियों की एकता के कारण महज दो वर्षों में पूरा हो गया और अगर देश500 साल पहले एकजुट होता तो उसे गुलामी का सामना नहीं करना पड़ता। आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में सुग्रीव किले के भव्य श्री राजगोपुरम द्वार का अनावरण किया। इस अवसर पर देशभर से आए साधु-संतों को संबोधित करते हुए उन्होंने अयोध्या में भव्य श्रीराममंदिर के निर्माण और सनातन धर्म की एकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा, जो काम 500 सालों से रुका हुआ था, जिसके लिए न जाने कितनी पीढ़ियों ने बलिदान दिया, वो केवल सनातनियों के एकजुट होने मात्र पर प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी जी के नेतृत्व में दो वर्ष में ही पूरा हो गया। अगर 500 साल पहले हमने एकता दिखाई होती, तो गुलामी का सामना नहीं करना पड़ता। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण को पीढ़ियों के संघर्ष का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि 500 साल का लंबा इंतजार समाप्त हुआ है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान करने का सपना पूरा हुआ है। आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों की एकता ही इस सफलता का आधार है।

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में धर्म और समाज को कमजोर करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा, ह्लकोई भी समस्या जो समाज और राष्ट्र को कमजोर करती हो, हमें उससे खुद को अलग करना होगा।

## उत्तर प्रदेश की पीपीपी नीति को और ज्यादा सरल बनाने की जरूरत : योगी

एजेंसी

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निजी क्षेत्र की ओर से निजी सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) आधारित परियोजनाओं के लिए मिल रहे उत्साहजनक प्रस्तावों को देखते हुए राज्य की पीपीपी नीति को और अधिक सरल तथा व्यवस्थित बनाने की जरूरत बताई है। मुख्यमंत्री ने यहां अपने सरकारी आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक में कहा कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में मिले कुल निवेश प्रस्तावों में से लगभग 10 प्रतिशत प्रस्ताव पीपीपी परियोजनाओं के सम्बन्ध में थे, जो हमारी नीति के बेहतरीन परिणाम को प्रदर्शित करता है।

## मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट सेवा का निलंबन तीन दिन के लिए और बढ़ाया गया

एजेंसी


नई दिल्ली, मणिपुर सरकार ने हिंसा की हालिया घटनाओं के मद्देनजर सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवा का निलंबन बुधवार को तीन और दिन के लिए बढ़ा दिया। सरकारी आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार ने कानून और व्यवस्था की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने के बाद मणिपुर के इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी और चुराचांदपुर जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को तीन दिन और निलंबित रखने का फैसला किया है। मणिपुर सरकार ने 16 नवंबर को सात जिलों में मोबाइल एवं ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं दो दिन के लिए निलंबित कर दी थीं, ताकि असामाजिक तत्व ऐसी सामग्री का प्रसार न कर सकें, जिससे कानून एवं व्यवस्था प्रभावित हो। सोमवार को मोबाइल और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध दो दिन के लिए और बढ़ा दिया गया था। हालांकि, आम लोगों, स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न कार्यालयों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए मंगलवार को ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं सशर्त बहाल कर दी गई थीं।

# पीएम मोदी 56 साल में गुयाना की यात्रा करने वाले पहले भारतीय पीएम बने

## देश के राष्ट्रपति ने किया भव्य स्वागत

एजेंसी

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को गुयाना पहुंचे, जो 56 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की दक्षिण अमेरिकी देश की पहली यात्रा है। जॉर्जटाउन हवाई अड्डे पर गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली और एक दर्जन से अधिक कैबिनेट मंत्रियों ने अभूतपूर्व गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। उनके आगमन पर दोनों नेताओं ने गले मिलकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। जॉर्जटाउन में पीएम मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वे गुयाना की संसद की विशेष बैठक को संबोधित करेंगे। वे कैरेबियाई साझेदार देशों के नेताओं के साथ दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।



गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली के निमंत्रण पर की गई यह यात्रा भारत और गुयाना के बीच मजबूत होते संबंधों को दर्शाती है। विदेश मंत्रालय ने जनवरी 2023 में प्रवासी भारतीय दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति अली की भूमिका का हवाला देते हुए बढ़ते जुड़ाव का उल्लेख किया।

अपने आगमन के बाद, पीएम मोदी को राजधानी शहर जॉर्जटाउन में औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अपनी यात्रा के दौरान, वह गुयाना की संसद की विशेष बैठक को संबोधित करेंगे और दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे, जहाँ वह अन्य कैरेबियाई देशों के नेताओं के साथ शामिल होंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा पिछले कार्यक्रमों पर आधारित है, जिसमें जनवरी 2023 में प्रवासी भारतीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति अली की भूमिका शामिल है। भारत और गुयाना ने स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी, नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में दीर्घकालिक विकास साझेदारी बनाए रखी है।

दोनों देशों के बीच हाल की पहलों में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित एक समुद्री नौका की डिलीवरी, ऋण की एक लाइन के तहत दो HAL 228 विमानों का प्रावधान, 30,000 स्वदेशी परिवारों के लिए सौर प्रकाश व्यवस्था और ITEC कार्यक्रम के माध्यम से भारत में 800 गुयाना के पेशेवरों का प्रशिक्षण शामिल है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

**संक्षिप्त समाचार**

## राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व नौकरशाह एसएम खान के निधन पर शोक व्यक्त किया

एजेंसी

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के पूर्व अधिकारी एस.एम. खान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने अपने उत्कृष्ट करियर के दौरान अत्यंत समर्पण के साथ सार्वजनिक संचार के उच्च मानदंडों को कायम रखा। दिवंगत अधिकारी की पत्नी शहनाज खान को लिखे पत्र में राष्ट्रपति ने कहा कि खान को सदैव पेशेवर उत्कृष्टता और उनके मिलनसार व्यवहार के लिए याद किया जाएगा, जिसके कारण उन्हें अनगिनत मित्र मिले। 1982 बैच के पूर्व आईआईएस अधिकारी खान का रविवार को एक



निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे और कुछ समय से बीमार थे। सोमवार को उत्तर प्रदेश में उनके गृहनगर खुर्जा में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मुर्मू ने कहा, श्री खान भारतीय सूचना सेवा के एक सम्मानित अधिकारी और उत्कृष्ट संचारक थे। भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के प्रेस सचिव के रूप में अपने प्रतिष्ठित करियर में, उन्होंने अत्यंत समर्पण के साथ सार्वजनिक संचार के उच्च मानकों को कायम रखा।

# लाल टोपी वालों के काले कारनामे...

## करहल में वोटिंग के पहले दलित महिला की हत्या को लेकर सपा पर हमलावर हुई भाजपा

संवाददाता

मैनपुरी, बुधवार सुबह कंजारा गांव के पास एक खेत में एक महिला की हत्या कर दी गई, जिसके बाद उसके पिता ने तपा की नगरिया निवासी प्रशांत यादव के खिलाफ अपनी बेटी के अपहरण का आरोप लगाते हुए करहल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। दलित व्यक्ति ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी 23 वर्षीय बेटी की हत्या कर दी गई क्योंकि उसने करहल विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद बवाल और बढ़ गया।



मैनपुरी जिले की पुलिस ने बुधवार को महिला के अपहरण और हत्या के आरोपी दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एफआईआर में उस व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी का मंगलवार को दोपहर के आसपास अपहरण कर लिया गया और बाद में यादव ने डॉ. मोहन कठेरिया नाम के एक अन्य व्यक्ति की मदद से उसे जहर देकर मार डाला। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि फआईआर में नामित दोनों आरोपियों डॉ. मोहन कठेरिया और प्रशांत यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

यह मुद्दा जल्द ही राजनीतिक विवाद में बदल गया और भाजपा और सपा के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। घटना पर चिंता जताते हुए भाजपा ने सपा पर अपने गढ़ में 'आतंक का माहौल पैदा करने' का आरोप लगाया। भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश लाल टोपी वालों के काले कारनामे देख रहा है। समाजवादी पार्टी गुंडागर्दी की सारी हदें पार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि मैनपुरी में सैफई परिवार और अखिलेश यादव के गुंडे फिर से दहशत फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लिखा कि मैनपुरी के करहल में एक दलित बेटी की समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और उसके साथियों द्वारा हत्या किया जाना अत्यंत दुःखद एवं घोर निंदनीय कृत्य है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का असली चेहरा यही है निजस्वार्थ, सत्तास्वार्थ के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है।

## राज्य में 70 प्रतिशत हो चुकी है जाति जनगणना : राहुल गांधी

संवाददाता

नई दिल्ली, कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने 70 फीसदी से ज्यादा जाति जनगणना का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे राज्य का विवरण जारी किया जाएगा, जिसके आधार पर नीतियां बनाई जाएंगी। कांग्रेस नेता ने कहा, इससे सामाजिक न्याय भी मजबूत होगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि तेलंगाना में हमारी सरकार ने जातिगत गिनती का 70% से ज्यादा काम पूरा कर लिया है। जल्द ही पूरे राज्य का विस्तृत डेटा सरकार के पास होगा, जिसका इस्तेमाल हम नीतियां बनाने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए करेंगे। राहुल गांधी ने आगे लिखा कि कहा कि जाति जनगणना उन सभी महत्वपूर्ण कदमों में से पहला कदम है जो अगले कुछ दशकों में संपूर्ण विकास के लिए योजना बनाने में मदद करेगा। यही कारण है कि मैं बार-बार देश में एक व्यापक जातिगत जनगणना करवाने की मांग कर रहा हूं। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने रास्ता दिखाया है, राष्ट्रीय स्तर पर भी हम एक व्यापक जातिगत जनगणना करवा कर रहेंगे। गांधी ने 5 नवंबर को कहा था कि वह तेलंगाना में जाति जनगणना सुनिश्चित करने और राज्य को देश में जाति जनगणना के लिए एक मॉडल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

# भाजपा हेराफेरी के जरिए चुनाव जीतने के लिए प्रशासन पर दबाव बना रही है : अखिलेश यादव का आरोप

संवाददाता

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया गया कि वह उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव हेराफेरी के जरिए जीतने के लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में अनियमितताओं के बारे में निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। राज्य में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के



लिए मतदान हो रहा है। यहां यादव संवाददाताओं से कहा, हमने करहल, सीसामऊ, मीरापुर, कुंदरकी और फूलपुर, मझवां सहित विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में अनियमितताओं के बारे में शिकायतें दर्ज कराई हैं। इसके बावजूद ऐसा लगता है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) इन पर आंखें मूंदे हुए है। ऐसा प्रतीत होता है आयोग की संवेदनाएं अब काम नहीं कर रही हैं। यादव ने आरोप लगाया, भाजपा इन उपचुनावों को वोट के जरिए नहीं, जोड़-तोड़ के जरिए जीतना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि हार के डर से भाजपा प्रशासन पर अनुचित तरीके से काम करने का दबाव बना रही है। उन्होंने कहा, मैं अपने मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे मतदान केंद्रों पर जाएं, सिर्फ एक बार नहीं बल्कि कई बार और तब तक वहीं रहें जब तक वे अपना वोट न डाल दें। यह हमें दिया गया अधिकार है और हर किसी को इसका इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने सपा की पिछली शिकायतों के जवाब में जारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भी हवाला दिया और कहा, आयोग (निर्वाचन आयोग) ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि पुलिस किसी को नहीं रोक सकती, तलाशी नहीं ले सकती या पहचान पत्र नहीं देख सकती।


**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (स.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०. /अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित निल्या जाता है कि आवेदक आलोक कुमार सिंह पिता श्रीधर सिंह जाति क्षत्रिय निवासी नगनाकला राहशील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्य एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 40/230 रकबा 0.044 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवाशीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की भी-1, खसरा, नवशा, सेटलमेन्ट, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विनाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिशि 09/12/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202411020700073/**

विषयः- अ-27
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सत्तः- 2024-2025
मणीपुर (प ह न. 00022),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार-प्रभा देवी साहू, अनावेदक पक्षकार - रामचन्द्र साहू रामप्रसाद साहू महेश प्रसाद साहू सुभाषचन्द्र साहू साहू राधा देवी,

**ईश्तहार**

आवेदक प्रभा देवी साहू आ० देवकीनंदन साहू, निवासी मणीपुर, गहीरागुरू आश्रम के पास, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम मणीपुर स्थित खसरा नंबर 42/1, 57/1 रकबा 0.020, 0.034 हे० भूमि को कब्जा एवं किस्म के आधार पर आवेदिका का 1/6 अंश पृथक खाता विभाजन कर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.12.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/11/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202411020700092/**

विषयः- अ-6
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
नमना कला (प ह न. 00020),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार-स्वर्णमाला किस्पोटटा,

अनावेदक पक्षकार -मार्टिना बडा, मद्रुल मोहित बडा, अरूणा शर्राफ, स्वर्णमाला किस्तोटा,

ईश्तहार

आवेदक स्वर्णमाला किस्पोटटा पति आनन्द प्रकाश किस्पोटटा निवासी नयानगर सरना के पास, कन्या परिसर रोड, नमनाकला अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 54/1, 55/1, 82/2, 151/21 रकबा 0.395, 0.559, 0.741, 0.040 हे० भूमि के राजस्व अभिलेखो में वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09.12.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/11/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**क्रमांक//वाचक-1/व्यपवर्तन/2024 पत्थलगांव, दिनांक 18/11/2024**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव, प.ह.नं. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक विनय कुमार एक्का पिता धन्नाराम एक्का, जाति उरांव, निवासी ग्राम पत्थलगांव वार्ड क्र. 02, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव, प.ह.नं. 06 ख०नं० 90/3/ङ रकबा 0.020 हे. 202.60 वर्गमीटर स्थित आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं व्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (य.) / सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**क्रमांक/वाचक-1/व्यपवर्तन/2024 पत्थलगांव, दिनांक 18/11/2024**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव, प.ह.नं. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक विनय कुमार एक्का पिता धन्नाराम एक्का, जाति उरांव, निवासी ग्राम पत्थलगांव वार्ड क्र. 02, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव, प.ह.नं. 06 ख०नं० 69/3 रकबा 0.178 हे. में से 0.092 हे 931.97 वर्गमीटर स्थित आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं व्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क्र०/अ-6-अ/2023-24**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रतिया बेक उर्फ रूबेन बेक आ० धोकड़ी बेक उर्फ बिफइया बेक, निवासी हाउस नंबर 104, वार्ड नंबर 09, चर्चपारा ठाकुरपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा०) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम ठाकुरपुर स्थित खसरा नंबर 658/1 रकबा 0.030 हे० के राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम त्रुटिवश रतिया बेक आ० धोकड़ी बेक दर्ज हो गया है, जबकि उसका वास्तविक नाम रूबेन बेक आ० बिफइया बेक है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार कर सही नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/11/2024 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा

आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 23/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202411020700076/**

विषयः- अ-27
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्नः- 2024-2025

फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 [192/74(0.0400 हे0)] पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार लक्ष्मण, हीरालाल आ. जयराम,

अनावेदक पक्षकार -लक्ष्मण, हीरालाल आ. जयराम,

**ईश्तहार**

आवेदक लक्ष्मण यादव आ० स्व० जयराम सिंह यादव, निवासी महुआपारा, फुन्दुरडिहारी, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 192/74 रकबा 0.040 हे० भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/2 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.12.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/11/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील- अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र० //अ-20 (3)/2024-25

ईश्तेहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रवण कुमार बंसल आ० श्याम सुन्दर अग्रवाल उम्र लगभग 29 वर्ष जाति अग्रवाल निवासी जयस्तंभ चौक अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला शीतला वार्ड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-9 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3430/2 रकबा 0.02, 3/4 एकड भूमि को रुपए 5,00,000-00 में अनावेदक रूपा देवी पत्नी प्रवीण कुमार जाति कहार निवासी ग्राम जरही थाना भटगांव तहसील प्रतापपुर के जिला-सूरजपुर छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/12/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः-14/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

# कनकपुर स्कूल में शिक्षक बने कलेक्टर ने बच्चो को पढ़ाया गणित

**0 आत्मीयता के साथ बच्चो से मिलकर जानी उनकी समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिये निर्देश 0 आंगनबाड़ी व धान खरीदी केंद्र का भी किये निरीक्षण**



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** गुरुवार को कलेक्टर एस जयवर्धन सूरजपुर ब्लॉक सिलफिली, पंडोनगर और जयनगर क्षेत्र के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने कनकपुर प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता, शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति , बच्चों के पढ़ाई के स्तर की जानकारी लेते हुए विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और उनके शिक्षा का स्तर जांचने खुद शिक्षक बन बच्चो की क्लास लेते हुए उन्हें गणित विषय पढ़ाया। इस दौरान उन्होंने बच्चो को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। कलेक्टर की सहजता व सरलता से प्रभावित बच्चो ने उनसे दिल खोलकर बाते की। उन्होंने बच्चो की समस्याओं को जाना और उसके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर को अपने बीच पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पांडोनगर का निरीक्षण कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पडोनगर राष्टपति भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पण्डो समुदाय के लोगों से बातचीत कर उनके समस्याओं का जाना और इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सिलफिली के समीप पहाड़ गांव पर्यटन केंद्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लटोरी तहसील एवं उप तहसील पिलखा अंतर्गत कनकपुर और जयनगर के धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु धान खरीदी केंद्र में सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित हो इसके लिए सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। श्री जयवर्धन ने धान खरीदी केंद्र में किसानों से खरीदे गए धान के बारदाने का अवलोकन कर धान के गुणवत्ता को परखा, इसके साथ ही धान की नमी का आर्द्रता माप यंत्र में अवलोकन भी किया। उन्होंने समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों को वास्तविक किसानों के रकबे की धान की खरीदी हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अपने दौरे में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने आत्मानंद विद्यालय जयनगर का भी निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने आत्मानंद विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं, शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों के शैक्षणिक स्तर के सम्बन्ध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## पंचायत सचिव निलंबित

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम पंचायत सिलाजु के पंचायत सचिव श्री बुद्धदेव सिंह को मतदाता सूची तैयार करने के कार्य में वार्डों में गड़बड़ी एवं लापरवाही बरतने पर निलंबित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री बुद्धदेव सिंह को पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के मतदाता सूची तैयार करने वार्ड क्रमांक 10 से 14 कुल 05 वार्डों में गड़बड़ी एवं कार्य के प्रति लापरवाही बरती गयी है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) 1965 के नियम 3(1)(2)(3) के वितरित है। उक्त कृत्य के लिए श्री रामलाल चौरे को प्रावधानों के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री बुद्धदेव सिंह पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत सिलाजू, का मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज में नियत किया गया है। निलंबन की अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## मतदाता सूची तैयार करने के कार्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के माध्यमिक शाला सिलाजू के शिक्षक श्री रामलाल चौरे को मतदाता सूची तैयार करने के कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री रामलाल चौरे द्वारा पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के मतदाता सूची तैयार करने के कार्य में लापरवाही बरती गयी है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) 1965 के नियम 3(1)(2)(3) के विपरित है। उक्त कृत्य के लिए श्री रामलाल चौरे को प्रावधानों के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# सजगता एवं सावधानी से करें अपने दायित्वों का निर्वहन : प्रशांत

**0 एसएसपी ने प्र.आ. मोहर्रिरो की बैठक लेकर सख्त लहजे में दी हिदायत 0 बोले-कार्यो को बनाएं गतिशील व बेहतर**



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के थाना-चौकी में रिकार्ड संधारण, रख-रखाव, रोजनामचा लेखन कार्य, आपसी झगड़े, जमीन संबंधी विवाद पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का दाखिला सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेवारी प्रधान आरक्षक मोहर्रिर की होती है।

थाना की कार्यवाही की प्रत्येक गतिविधियां इन मोहर्रिरों से होकर गुजरती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने प्रधान आरक्षक मोहर्रिरों के कार्यो को गतिशील व बेहतर बनाने हेतु जरूरी निर्देश देने और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों सहित बाउण्ड ओव्हर कराए गए मामलों की जानकारी हेतु गुरूवार को यहां जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधान आरक्षक मोहर्रिर की बैठक ली। उन्होंने बैठक में मौजूद पुलिस राजपत्रित अधिकारियों को इसकी निगरानी करने के निर्देश दिए। एसएसपी श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधान आरक्षक मोहर्रिर थाना का अभिन्न अंग होता है, अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता एवं सावधानी से करें, दायित्वों से भागे नहीं बल्कि उसे लगन से तय वक्त में पूरा करें। उन्होंने प्रधान आरक्षक मोहर्रिरों से उनके थाना द्वारा किए गए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का ब्यौरा लेते हुए बाउण्ड ओव्हर का आंकड़ा पूछा। मोहर्रिरों को सख्ते निर्देश दिए कि आपसी झगड़े, जमीन संबंधी विवाद सहित अन्य मामले जिनमें प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाती है उन प्रत्येक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के बाद दोनों पक्षों का कार्यपालिक दण्डाधिकारी से बाउण्ड ओव्हर अनिवार्य रूप से कराए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना करें अन्यथा कड़े एक्शन लिए जायेंगे। इस दौरान सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम, डीएसपी रितेश चौधरी, निरीक्षक जावेद मियादाद, स्टेनो अखिलेश सिंह सहित सभी थाना-चौकी के प्रधान आरक्षक मोहर्रिर मौजूद रहे।

# जनजातीय गौरव माह अंतर्गत निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत को रेखांकित करने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय बलरामपुर में निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में समस्त विकासखण्डों से चयनित 3-3 प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं ने जिला स्तरीय निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता में अपनी की प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. माही गुप्ता सेजेस (अंग्रेजी माध्यम) रामानुजगंज, द्वितीय स्थान कु. बिमला कुजूर शा.उ.मा.वि. रेहड़ा विकासखण्ड शंकरगढ़ एवं तृतीय स्थान कु. फुलबसिया सेजेस (हिन्दी माध्यम) बरियों विकासखण्ड राजपुर ने प्राप्त किया। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्षा गहरवार शा.उ.मा.वि. बेलसर विकासखण्ड शंकरगढ, द्वितीय स्थान माही तिवारी सेजेस अंग्रेजी माध्यम रामानजगंज एवं तृतीय स्थान सोरमीला शा.क.उ.मा.वि. रामानुजगंज ने प्राप्त किया। अपनी कला का बेहतर का प्रदर्शन करते हुए रंगों के समायोजन से बेहतर रंगोली बनाई। कार्यक्रम में डॉ. डी.एन. मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी, श्रीमती आशा रानी टोप्पो सहायक संचालक, श्री मनोहर लाल जायसवाल समग्र शिक्षा, श्री राजकुमार शर्मा जिला ग्रंथपाल बलरामपुर, श्री हरिशंकर सिंह विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, श्री चन्द्रशेखर प्रसाद गुप्ता प्राचार्य सेजेस (हिन्दी माध्यम) बलरामपुर, सहित विभिन्न स्कूलों से आये प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# ओड़गी में हुआ जिला स्तरीय दिव्यांगजन शिविर एवं मेडिकल बोर्ड का आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.डी. पैकरा तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बंटी बैरागी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय दिव्यांगजन शिविर एवं मेडिकल बोर्ड का आयोजन मंगल भवन ओड़गी में किया गया। जिसमें दिव्यांगजन को चिन्हित कर परीक्षण करते हुए दिव्यांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड बनाया गया। जिसमें ओड़गी ब्लॉक के सुदूरवर्ती व दुरंचल क्षेत्रों के दूर-दूर के पात्र हितग्राही लाभार्थी उपस्थित होकर अपना कार्ड बनवाए गए। इस दौरान कुल पंजीयन 285 दिव्यांग प्रमाण पत्र 57 लोंगो का बनाया गया। यूडीआईडी प्रमाण पत्र 12 लोगों का एनसीडी स्क्रीनिंग 15 आयुष्मान कार्ड -4 टीवी स्क्रीनिंग- 25 मेडिसिन ओपीडी 36 शिशु रोग जांच 22 मनोरोग 30 अस्थि रोग परीक्षण 25 आईडियोलॉजिस्ट 08 साइकोलॉजिस्ट 6 श्रवण बाधित रोग 05 लोगों का जांच कर उपचार एवं निदान किया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय सूरजपुर की टीम के द्वारा शिविर में अपनी उपस्थिति प्रदान की गई इसमें डॉक्टर रोहित पटेल मेडिसिन विशेषज्ञ ,डॉक्टर प्रियंक पटेल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अजय साहू अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित शर्मा मनोरोग विशेषज्ञ मुकेश राजवाड़े नेत्र सहायक अधिकारी श्रीमती दुर्गा देवांगन आईडियोलॉजिस्ट सुजीत तिवारी सहायक ग्रेड 3 तथा माता राजमाता श्रीमति देवेंद्र कुमारी सिंह देव शासकीय चिकित्सालय महाविद्यालय अंबिकापुर से डॉक्टर अभिजीत जैन सहायक अध्यापक नेत्र रोग डॉक्टर ऊषा आर्मो सहायक अध्यापक के द्वारा जांच किया गया। जिला पंचायत से उप संचालक श्रीमती तिर्की के टीम सहित जनपद पंचायत ओड़गी के अधिकारी, कर्मचारियों का विशेष योगदान सराहनीय रहा। ब्लॉक टीम स्वास्थ्य बीपीएम सखन आयाम, कबीर सिंह एसटीएस ओमप्रकाश राजवाड़े, एमटीएस सेक्टर सुपरवाइजर दलसाय पैकरा, सुश्री प्रतिमा कुशवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती खुशबू राजवाड़े सीएचओ श्रीमती गायत्री सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह आर एचओ , योगेश पैकरा एमएलटी अशोक शर्मा, अमित यादव कम्प्यूटर ऑपरेटर, श्रीमती लीलावती यादव, श्रीमती श्यामा राजवाड़े ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम तथा राज नरायन द्विवेदी जिला सम्बवयक पिरामल स्वास्थ्य कार्यकम सहित, अनिल कोरी, दिलबरन बसंत दीपक पंडो राजित का विशेष सहयोग रहा इस दौरान सभी अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# जिले का रामानुजनगर ब्लॉक शिक्षा के क्षेत्र में कर रहा उत्तरोत्तर विकास

**स्कूलों में स्वच्छता के साथ बागवानी पर भी किया जा रहा काम**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के कुशल नेतृत्व तथा जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में विकास खंड रामानुजनगर में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकासात्मक कार्य आयोजित किया जा रहा है। विकासखंड रामानुजनगर में हमर विद्यालय - सुघर विद्यालय कार्यक्रम गत वर्ष से आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी स्कूल भवनों को एक ही प्रकार के रंग से रंगरोपन कर कार्य कराया जा रहा है, जिसमे कई संस्था प्रमुख द्वारा चढ़ बढ़कर अपने शाला को आकर्षक तरीके से पेंटिंग कराया गया। शाला परिसर में बागवानी, पोषण वाटिका, वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर स्वच्छ व सुंदर बनाने का प्रयास किया गया है। जिसके कारण विकास खंड रामानुजनगर के स्कूल भवन जिले में अलग पहचान बनाए हैं।प्रत्येक संकुल से एक- एक प्राथमिक तथा मिडिल स्कूलों को अच्छे व



आकर्षक बनाने पर कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

शाला भवन परिसर में लगातार स्वच्छता अभियान, श्रमदान कर हमारा विद्यायल- स्वच्छ विद्यालय कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आत्म अनुशासन कार्यक्रम अंतर्गत विकास खंड शिक्षा अधिकारी, एबीईओ, बीआरसी विकास खंड अंतर्गत एवं संकुल प्राचार्य, समन्यवक संकुल अंतर्गत लगभग प्रत्येक दिवस प्रार्थना सभा में शामिल होते हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा। शालाओं में शिक्षक नियमित व समय पर उपस्थित होकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थित के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं, ग्राम स्तर पर वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से लगातार अनुपस्थित विद्यार्थियों के अविभावक को सूचित किया जाता है।गत वर्ष विकास खंड रामानुजनगर से 15 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ था जो कि अब तक का सर्वाधिक है। इस वर्ष भी विकासखंड में पांच केंद्र में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की विशेष तैयारी कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री शाला जतन योजना अंतर्गत स्वीकृत मरमत तथा निर्माण कार्य एजेंसी से सतत संपर्क तथा निरीक्षण कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराया गया है। निरीक्षण में कमी पाए जाने पर तत्काल सुधार कराया जा रहा है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए समर्थ सूरजपुर कार्यक्रम अंतर्गत नियमित रूप से मूल्यांकन तथा विद्यार्थियों को अभ्यास कराए जा रहे हैं। विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज ,विद्यालय के साथ साथ कार्यालयीन कार्य भी नियमित रूप से निपटारा कर रहे हैं, जिसके कारण शिक्षक निश्चित होकर शाला में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। बी ई ओ के द्वारा अभिनव पहल करते हुए एक वित्तीय वर्ष में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को एक साथ भव्य तरीके से विदाई समारोह आयोजित किया जा रहा है।

## क्रिसमस, नववर्ष व गुड फ्राइडे पर आहूत हो शांति समिति की बैठक : अजय

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** सयुंक्त मसीही सेवा समिति के जिलाध्यक्ष अजय लाल ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपकर क्रिसमस, नव वर्ष व गुड फ्राइडे के अवसर पर भी शांति समिति की बैठक आहूत करने की मांग की हैं।



कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को सौपे ज्ञापन में अजय लाल ने बताया हैं की जिस प्रकार से हिन्दू धर्म के त्योहार होली, दीपावली, दशहरा, मुस्लिम धर्म के ईद, मुहर्रम सहित अन्य पर्व के अवसर पर त्योहारो को आपसी भाईचारा व सौहद्राता के साथ धूमधाम से मानाने को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की जाती हैं। संयुक्त मसीही समाज द्वारा साल भर में एक बार आयोजित होने वाले क्रिसमस महापर्व के साथ नव वर्ष व गुड फ्राइडे के अवसर पर सर्वधर्म समभाव की भावना को लेकर शांतिपूर्ण व आपसी सवार्द्रता के साथ पर्व को मनाने शांति समिति की बैठक आहूत करने की मांग की गई है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आंमंत्रण सुचना**

जिला जल एंव स्वच्छता सरगुजा की ओर कार्यपालन अभियंता सदस्य सचिव, जिला जल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत टेकेदारों से नलकूप खनन कार्य हेतु पत्रक 'अ' (प्रतिशत दर) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.0 | निविदा क्रमांक | दिनाँक | सिस्टम क्रमांक | ब्लॉक | संख्या | लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06 | 12/11/2024 | 161142 | अम्बिकापुर एंव लुण्ड्रा | 54 नग | 68.58 |
| 2 | 07 | 12/11/2024 | 161144 | लखनपुर एंव उदयपुर | 59 नग | 74.93 |
| 3 | 08 | 12/11/2024 | 161189 | बतौली, मैनपाट एंव सीतापुर | 73 नग | 98.55 |

बिड संबमिशन की अंतिम तिथि 02.12.2024 समय :- 17:30 बजे तक।

निविदा के सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) में दिनाँक 15.11.2024 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर

जी-242503911/5



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आंमंत्रण सुचना**

जिला जल एंव स्वच्छता सरगुजा की ओर कार्यपालन अभियंता सदस्य सचिव, जिला जल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा सरगुजा जिले के समस्त विकासखण्डों में जल जीवन मिशन के कार्यों की निरीक्षण हेतु वार्षिक किराये पर वाहन INNOVA, SCORPIO, MAHINDRA BOLERA रखने हेतु पंजीकृत ट्रेवल एजेन्सियों से प्रपत्र 'ब' (आइटम दर) में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.0 | दिनाँक | निविदा क्रमांक | सिस्टम क्रमांक | वाहन का प्रकार | वहन की संख्या | लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08-11-2024 | 435 | 160945 | INNOVA | 1 | 31.20 |
| | | | | SCORPIO | 1 | |
| | | | | MAHINDRA BOLERO | 1 | |
| | | | | MAHINDRA BOLERO | 1 | |

बिड संबमिशन की अंतिम तिथि 02.12.2024 समय :- 17:30 बजे तक।

निविदा के सामान्य शर्तें, धरोहर राषि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) में दिनाँक 08.11.2024 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर

जी-242503918/3

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

# कोरिया फ्रंटलाइन

विश्व मत्स्य दिवस पर विशेष संम्पादकीय

## छत्तीसगढ़ में मछली पालन को नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में विष्णुदेव साय सरकार

छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** छत्तीसगढ़ जो भारत के भौगोलिक क्षेत्र का 4.14 प्रतिशत हिस्सा है, जलवायु और जल संसाधनों के कारण मछली पालन के लिए उपयुक्त है। राज्य में 43 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है। राज्य को तीन हिस्सों में बांटा गया है- उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र, मध्य मैदानी क्षेत्र और बस्तर पठार। महानदी, इंद्रावती और सहायक नदियां मछली पालन के लिए आधार बनाती हैं। छत्तीसगढ़ में 2.10 लाख लोग मछली पालन से जुड़े हैं। 1,27,269 ग्रामीण तालाब और 1,770 सिंचाई जलाशयों में से 92 प्रतिशत जलक्षेत्र मत्स्य पालन में उपयोग हो रहा है। 2023-24 तक 418.07 करोड़ मत्स्य बीज का उत्पादन हुआ, जबकि 2024-25 का लक्ष्य 546 करोड़ है। जिसमें विशेष उपलब्धि 2007-08 में 1.39 लाख टन मत्स्य उत्पादन 2022-23 में 7.30 लाख टन हो गया। 2.20 लाख लोग मछली पालन में लगे हैं। आधुनिक तकनीक, जैसे केज कल्चर और बड़े फिंगरलिंग का उपयोग कर के उत्पादन को बढ़ा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मछली पालन का क्षेत्र जो कभी केवल पारंपरिक व्यवसाय के रूप में देखा जाता था, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदृष्टि के कारण अब राज्य की आर्थिक और सामाजिक समृद्धि का केंद्र बन रहा है। विश्व मात्स्यिकी



दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने मछुआरों और मछली किसानों के योगदान को सराहा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह दिन छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मछली पालन के महत्व को रेखांकित करता है और इस क्षेत्र के विकास की संभावनाओं को प्रदर्शित करता हैं। छत्तीसगढ़ की नदियां, तालाब और जलाशय मछली पालन के लिए अत्यधिक उपयुक्त हैं। राज्य का मछुआरा समुदाय और मछली किसान इस क्षेत्र की रीढ़ हैं। उनकी आजीविका इस व्यवसाय पर निर्भर है, और वे राज्य के खाद्य और पोषण सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री साय की सरकार ने मछली पालन के क्षेत्र में सुधार और विकास के लिए व्यापक रणनीति अपनाई है। छोटे और सीमांत मछली किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिए विशेष ऋण योजनाएं शुरू की गई हैं। इसके साथ ही उन्नत प्रौद्योगिकी और आधुनिक उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। महिलाओं और युवाओं को मछली पालन में भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए सामुदायिक तालाबों के माध्यम से उनके लिए नए अवसर उत्पन्न किए गए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं ने छत्तीसगढ़ में मछली पालन के क्षेत्र को नई ऊर्जा प्रदान की है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत राज्य में जल संसाधनों के बेहतर उपयोग, मछली उत्पादन में वृद्धि और मछुआरा समुदाय की आय में सुधार के लिए कई परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। नीली क्रांति योजना के अंतर्गत टिकाऊ मछली पालन और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए मछुआरों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का उद्देश्य मछली पालन को प्रोत्साहित करते हुए किसानों और मछुआरों की आजीविका को सुदृढ़ बनाना है। छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत आधुनिक कोल्ड स्टोरेज, मछली बाजार और परिवहन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। नीली क्रांति योजना ने मछली पालन में नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है। इसका प्रभाव न केवल उत्पादन में वृद्धि के रूप में देखा गया है, बल्कि राज्य के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी छत्तीसगढ़ की उपस्थिति को मजबूत किया है।

मछली किसानों और मछुआरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्नत तकनीकों, जैसे बायोफ्लॉक मछली पालन और रीसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से मछली किसानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने में मदद मिल रही है, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

### *छत्तीसगढ़ में मछली उत्पादन का बढ़ता दायरा*

छत्तीसगढ़ मछली उत्पादन में न केवल राज्य की जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपने उत्पादों की पहचान बना रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ को भारत का मछली पालन केंद्र बनाना है, और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य की मछली पालन क्षमता का उपयोग करते हुए किसानों और मछुआरों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी अवसर पैदा किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार टिकाऊ मछली पालन की दिशा में भी काम कर रही है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और जल संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए विशेष योजनाएं तैयार की गई हैं। जैव विविधता को संरक्षित करते हुए पर्यावरण-अनुकूल मछली पालन प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने मछुआरा समुदाय की मेहनत और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि मछली पालन राज्य की आर्थिक रीढ़ है, और इसे सशक्त बनाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मछुआरों को आश्वासन दिया कि केंद्र और राज्य सरकार उनके साथ हैं और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्र सरकार की योजनाओं का समन्वय छत्तीसगढ़ को मछली पालन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।

## विश्व डायबिटीज दिवस पर आयोजित एनसीडी कैंप में 37,783 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** जिले में विश्व डायबिटीज दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ्य जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष एनसीडी कैंप का आयोजन किया गया। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर यह कैंप आयोजित किया गया। इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट परिसर में कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्ट्रेट कार्यालय 109 अधिकारी-कर्मचारियों का बीपी एवं शुगर की जांच की गई। जिसमें संभावित बीवी के 37 लोग, मधुमेह के संभावित 6 लोग तथा 69 लोग सामान्य पाये गय। जिले में आयोजित कैंपों में 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का ब्लड प्रेशर (बीपी) और ब्लड शुगर की जांच की गई। इसके साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।






इसके लिए जिले में कुल 160 टीमों का गठन किया गया था, जिन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक व्यापक रूप से इस कैंप का संचालन किया। यह विशेष शिविर 20 नवंबर को आयोजित किया गया था, इस शिविर में जिले भर में 37,783 लोगों का ब्लड प्रेशर और शुगर का परीक्षण किया गया। इनमें से 3,178 लोगों में बीपी और 2,273 लोगों में शुगर की संभावित समस्या का पता लगाया गया। चिन्हित लोगों को समय पर उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई थी।

## संगीत महाविद्यालय में कथक नृत्य की बारीकियों को सीखा प्रतिभागियों ने

**अंबिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला के मार्गदर्शन में कथक नृत्य की बारीकियों को सिखाने के उद्देश्य से 18 नवम्बर को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. चन्दन सिंह की उपस्थिति रही, जो मूलत: रायगढ़ घराना के प्रतिनिधि कलाकार माने जाते हैं। उन्होंने अपनी विधिवत कथक शिक्षा संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. माण्डवी सिंह के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। साथ ही उन्होंने कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज एवं पंडित ओमप्रकाश महाराज से कथक की शिक्षा प्राप्त की है। कथक विभाग के शिक्षक तुषार सरकार ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कथक नृत्य विषेशज्ञ डॉ. चंदन सिंह ने बीपीए प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को टुकड़ा, परन, तिहाई, कविता के साथ नृत्य की बारीकियों एवं नृत्य प्रस्तुति के संबंध में महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान की।

## अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, पांच वाहन जप्त





छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विगत दिनों निरीक्षण के दौरान पांच वाहनों को अवैध खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

खनि अधिकारी भूषण कुमार पटेल और उनकी टीम द्वारा मिनी हाईवा को अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए चालक छोटेलाल को पाया गया, जिसके मालिक अर्जुन साहू, इसके अलावा सोल्ड ट्रेक्टर सोनालिका वाहन चालक ओमप्रकाश व वाहन मालिक, सुनील सोनी के वाहन चालक जोत लाल, मालिक रोशन राजवाड़े के वाहन चालक बसन्त व वाहन मालिक पुष्पराज हैं, जो अवैध रेती परिवहन कर रहे थे वहीं वाहन को अवैध कोयला परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसके मालिक राजेश कश्यप और चालक अतुल कश्यप हैं। पांचों वाहनों को मौके पर जप्त कर समीपस्थ थाना चरचा एवं पटना थाना में अभिरक्षा में रखा गया। खनि विभाग ने छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 और खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत प्रकरण दर्ज किया। दोषियों से कुल ?47,646/- (सैंतालीस हजार छह सौ छियालीस रुपए) जुर्माना वसूल कर राशि खनिज मद में जमा कराई गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अवैध खनन की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें। जिला प्रशासन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और कानून के पालन के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की कार्रवाई से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाएगा।

## कटगोड़ी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 182 आवेदन प्राप्त, 22 का स्थल पर निराकरण

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत कटगोड़ी, के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के मैदान में किया गया। जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए बल्कि सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए। श्रीमती रेणुका सिंह ने राजस्व प्रकरण से सम्बंधित प्रकरण पर सम्बंधित एसडीएम, जनपद सीईओ को शीघ्र निराकरण करने को कहा। श्रीमती रेणुका सिंह ने आम लोगों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के विभागों में संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगो की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो। इसीलिए प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजित कर लोगों की समस्याओं का निराकरण



किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में इन अधिकारियों द्वारा जानकारी दी जाती है, आप सभी लोग लाभ उठाएं।

कोरिया कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि जन समस्या समाधान शिविर लगाने का उद्देश्य ग्रामीण भाई-बहन सरकार की योजनाओं से रूबरू हो सके, उनका लाभ ले सके। शिविर में मांग, शिकायत, समस्या आदि आवेदन के माध्यम से निराकरण हो सके। उन्होंने न्यायालयीन प्रक्रिया व मांग से सम्बंधित आवेदनों पर कहा विचार-विमर्श कर उचित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्व से सम्बंधित प्रकरण अधिक हैं, उनका निदान भी शीघ्र किया जाएगा। विधायक एवं कलेक्टर ने अन्नप्राशन व गोदभराई रस्म में शामिल हुए। गर्भवती माताओं व शिशुवती माताओं को भरपूर व पौष्टिक भोजन करने की बात कही। शिविर स्थल पर राजस्व, आदिवासी विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, खाद्य, स्वास्थ्य, मत्स्य पालन विभाग, श्रम, आयुष्मान विभाग, पशु पालन विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, सेंट्रल बैंक आफ़ इंडिया, कृषि, लोक सेवा यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, शिक्षा, उद्यानिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम लोगों से आवेदन प्राप्त किए और इन विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी भी दी गई। विभिन्न हितग्राही मूलक सामग्रियों, प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक पंजीयन कार्ड आदि का वितरण किया गया। शिविर में करीब 182 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 22 आवेदनों का निराकरण स्थल पर किया गया। शेष आवेदनों को समय-सीमा के भीतर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए। शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मिलेट और खाद्य प्रसंस्करण पर कार्यशाला हुआ आयोजित

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में महिला सशक्तिकरण के दिशा में अभिनव पहल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत् महिलाओं की समूहों को स्व-सहायता समूह के रूप में गठित कर विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जशपुर द्वारा विगत दिवस जिला पंचायत सभागार में मिलेट प्रसंस्करण एवं खाद्य प्रसंस्करण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। एनआरएलएम के अधिकारियों और राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता प्रबंधन संस्थान, कुंडली, सोनीपत हरियाणा के ग्राम दत्तक ग्रहण कार्यक्रम की टीम ने जशपुर, कुनकुरी, दुलदुला, फरसाबहार और कांसाबेल विकासखण्ड के विभिन्न स्व-सहायता समूहों की 42 महिलाओं को बाजरा, मशरूम, विभिन्न कृषि और बागवानी फसलों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धनके बारे में जानकारी दी गई। जशपुर के जिला आजीविका प्रबंधक श्री गया चौरसिया ने वीएपी टीम का परिचय दिया और स्वयं सहायता समूहों को मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादन और खाद्य क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए खाद्य प्रसंस्करण पर निफ्टेम की विशेषज्ञता का लाभ उठाने का सुझाव दिया। निफ्टम-वीएपी के संरक्षक प्रो. प्रसन्ना कुमार ने निफ्टम के बारे में बात की और खाद्य प्रसंस्करण में अच्छे विनिर्माण प्रथाओं और अच्छे स्वच्छ प्रथाओं पर स्वयं सहायता समूहों के साथ बातचीत की।

## जाबो कार्यक्रम के तहत नगरीय निकाय के लोगों को किया जा रहा जागरूक



छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** नगरीय निकाय एवं पंचायत आम चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिले में कलेक्टर के निर्देशन में जाबो (जागव वोटर) कार्यक्रम अंतर्गत व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से चुनाव के लिए गांव-गांव में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जमीनी स्तर पर ग्रामीणों, आमनागरिकों, नवमतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्रों में अभियान चला कर लोगों को मतदान के लिए सब काम छोड़ मतदान करो की सीख दी जा रही है। इसी तारतम्य में कार्यालयीन कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियो के द्वारा रैली के माध्यम से मतदाताओं को निरंतर जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हारमोनियम पर मोहित की मधुर धुन ने कलेक्टर को किया मंत्रमुग्ध

**बैकुंठपुर।** सोनहत विकासखंड के सुदूर ग्राम लटमा के पीएमश्री स्कूल में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निरीक्षण के दौरान चौथी कक्षा के छात्र मोहित ने अपनी कला का ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने सभी का दिल जीत लिया।सचमुच हुनर का कोई उम्र नहीं और कला-संगीत का कोई जाति-धर्म नहीं। यह कहावत नहीं बल्कि कोरिया जिले के सोनहत विकासखण्ड के सुदूर ग्राम लटमा के पीएमश्री स्कूल के चौथी कक्षा में पढ़ाई करने वाले मासूम मोहित ने कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के समक्ष मोहित ने हारमोनियम पर मधुर धुन बजाकर यह साबित किया कि हुनर उम्र का मोहताज नहीं। मोहित की मासूमियत और संगीत के प्रति उसके



लगाव ने कलेक्टर को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने तुरंत कहा, वाह! शाबास! यह क्षण न केवल मोहित बल्कि पूरे स्कूल के लिए गर्व का पल था। इसके पहले स्कूल के बच्चों ने कलेक्टर का स्वागत धान की बालियां भेंटकर की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूल की स्मार्ट क्लास, मध्यान्ह भोजन कक्ष और किचन गार्डन का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और रुचियों की जानकारी ली। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, समय पर स्कूल आएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें। बच्चों का भविष्य आपके हाथों में है, इसे साकार करना आपकी जिम्मेदारी है। मोहित की इस प्रतिभा ने न केवल स्कूल बल्कि पूरे गांव को गौरवान्वित किया है। उसकी मधुर धुन ने यह संदेश दिया कि अवसर मिलने पर हर बच्चा अपनी छिपी हुई प्रतिभा को उजागर कर सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा